राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 280
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 03 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 बाइक-बोट से भूटानी तक : पोंजी स्कीम का नया खेल
पेज 4 निचले इलाकों का निरीक्षण कर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था
पेज 6 सूर्यकुमार यादव की नेट्स पर वापसी, एशिया कप के लिए शुरू की

## संक्षिप्त खबरें


### अफगानिस्तान में फिर भूकंप आया, अबतक 1400 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप से मरने वालों की संख्या अब तक 1411 हो गई है, जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है। रविवार को जिस वक्त भूकंप आया तब ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक तालिबान ने इसकी जानकारी दी है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी हैं।

### अस्पताल की लापरवाही से नवजात की मौत

**इंदौर।** इंदौर के एमवाय अस्पताल में चूहों ने जिन दो नवजातों के हाथ कुतरे थे, उनमें से एक की मंगलवार को मौत हो गई। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने चूहे के काटने के कारण मौत होने की बात से इनकार किया है। इस पूरे मामले पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने डीन से स्पष्टीकरण मांगा है। इधर, एमवाय अस्पताल के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने दो नर्सिंग ऑफिसर को सस्पेंड कर दिया है। वहीं नर्सिंग सुपरिटेंडेंट को भी हटा दिया है। प्रभारी समेत कई लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया के मुताबिक नवजात का वजन 1.2 किलो ही था। जबकि हीमोग्लोबिन बहुत कम था।

## राहत कार्य



उत्तराखंड के चमोली जिले में भारी बारिश के कारण तमक नाला पर बने पुल के बह जाने के बाद पुलिस और एसडीआरएफ के जवान लोगों को पार करने में मदद करते हुए।

# पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत

## उत्तराखंड में स्कूल बंद; दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा

पठानकोट/शिमला/गुरुग्राम/दिल्ली। पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं।

राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में आज कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं।

उधर, दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। सोमवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68 प्रतिशत ज्यादा (256.8 मीमी) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल के 6 जिलों में बहुत तेज बारिश का रेड अलर्ट है। 8 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।



### दिल्ली में लोहा पुल को बंद किया गया

दिल्ली में यमुना का पानी बढ़ने के बाद लोहा पुल को बंद कर दिया गया। शाहदरा के डीएम ने बताया कि लोहा पुल पर यातायात और आम लोगों की आवाजाही रोक दी गई है।

### जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश, उधमपुर जिले में लैंडस्लाइड

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में भारी बारिश जारी है। उधमपुर जिले में लैंडस्लाइड हो रही है। बारिश के कारण जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर मरम्मत कार्य रोकना बड़ा। इससे जखनी से चेनानी तक वाहनों को जाने से रोक दिया गया।

# मराठा आरक्षण आंदोलन- जरांगे ने भूख हड़ताल खत्म की



### कहा- हम जीत गए, सरकार ने हमारी मांगें मान ली; बॉम्बे हाईकोर्ट में अब आज सुनवाई

**मुंबई।** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने पांच दिवसीय भूख हड़ताल मंगलवार को खत्म कर दी। इसके बाद उन्होंने कहा, हम जीत गए हैं।

सरकार ने हमारी मांगें मान ली हैं। यह भी कहा कि अगर सरकार आरक्षण की मांगों पर जीआर (आदेश) जारी कर देती है तो वह आज रात 9 बजे तक मुंबई छोड़ देंगे। उधर, बॉम्बे हाईकोर्ट ने जरांगे को अनशन स्थल आजाद मैदान पर 3 सितंबर की सुबह तक रुकने की अनुमति दे दी। इससे पहले अदालत ने मंगलवार दोपहर 3 बजे तक मैदान खाली करने को कहा था।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को भी फटकार लगाई। कहा कि प्रशासन ने उसके आदेशों को लागू क्यों नहीं किया। जबरन मैदान खाली कराने के लिए कदम क्यों नहीं उठाए। अदालत ने कहा कि अगर बुधवार तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वह कड़ा आदेश जारी करेगी और किसी भी हद तक जाएगी।

### पाटिल बोले- एक हफ्ते में मुआवजा दिया जाएगा

मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने दोपहर में समिति के अन्य सदस्यों शिवेंद्रसिंह भोसले, उदय सामंत, माणिकराव कोकाटे के साथ आजाद मैदान में जरांगे से मुलाकात की और समिति द्वारा तैयार किए गए मसौदे पर उनके साथ चर्चा की।

पाटिल ने बताया कि अब तक विरोध प्रदर्शनों के दौरान मरने वालों के परिजनों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के हिसाब से एक हफ्ते के अंदर मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाएगी।

समिति ने जरांगे को बताया कि अब तक (मृतक प्रदर्शनकारियों के परिजनों को) 15 करोड़ रुपए की सहायता दी जा चुकी है और बाकी राशि एक हफ्ते के भीतर दे दी जाएगी।

# मोहाली में जम्मू-कश्मीर के 3 युवक गिरफ्तार

### जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का दावा; ट्रैक्सी ड्राइवर के अपहरण-मर्डर में पकड़े गए

पंजाब। आरोपियों का संबंध टैक्सी ड्राइवर अनिल कुमार के अपहरण और हत्या से निकला है। अनिल, जो नयागांव का निवासी था, घर से चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन सवारी लेने गया था और उसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। उसकी कार रोपड़ टोल पर देखी गई थी।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान साहिल बशीर, मुनीश सिंह और एजाज अहमद के रूप में हुई है। यह जानकारी पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने दी।

तीनों आरोपियों ने पुलिस को टैक्सी ड्राइवर के अपहरण और मर्डर की जानकारी दी। साथ ही युवक के शव के बारे में खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, युवक का शव मोहाली से बरामद हुआ है, जबकि कार किसी अन्य जिले से पुलिस ने जब्त की है। आरोपियों से हत्या में इस्तेमाल की गई .32 बोर पिस्तौल भी बरामद की गई है। मुख्य आरोपी साहिल बशीर पहले से ही यूएपीए और आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित है।

# हिमाचल के मंडी में लैंडस्लाइड, मां-बेटी समेत 3 की मौत

## 2 अभी मलबे में दबे; लोग जान बचाने दौड़े; कुल्लू-करसोग में भी 2 बिल्डिंगें ढहीं

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के सुंदरनगर के जंगम बाग बीबीएमबी कॉलोनी में मंगलवार शाम 7 बजे लैंडस्लाइड हो गया। इसकी चपेट में 2 घर आ गए। इससे में 5 लोग दब गए।

जिसमें एक ही परिवार की मां भारती (30), उसकी 3 साल की बेटी कीरत और मकान मालिक शांति देवी (70) की मौत हो गई। वहीं गुरप्रीत उर्फ सोनू और उसकी मां सुरेंद्र कौर अभी मलबे में दबे हुए हैं। गुरप्रीत प्राइवेट बस ड्राइवर था। इसके अलावा घर की मालकिन शांति देवी का देर रात मलबे से शव बरामद कर दिया गया है। सर्च ऑपरेशन जारी है। पहाड़ी से लैंडस्लाइड के वक्त लोग जान बचाने के लिए भागते हुए भी नजर आए।



वहीं, कल भी भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए शिमला, चंबा, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर, ऊना और कांगड़ा जिला के शिक्षण संस्थानों में कल भी छुट्टी रहेगी।

कुल्लू के आनी बस स्टैंड में सुबह पौने 10 बजे 2 मंजिला मकान भरभराकर 2 सेकेंड में नीचे गिर गया। कुल्लू में भुंतर-मणिकरण रोड पर दोपहर में नीचे से गुजरती गाड़ियों के ऊपर पहाड़ी से पत्थर गिरते रहे। हालांकि गनीमत रही कि किसी गाड़ी पर पत्थर नहीं गिरा।

कुल्लू के ढालपुर में आज सुबह 11.30 बजे एक मकान लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 2 लोग दब गए। इसमें से एक महिला की मौत हो गई।

# भारत में सड़क सुरक्षा पर खतरे की घंटी, हर दिन औसतन 472 लोगों की मौत

### 68 प्रतिशत पैदल चलने वाले लोग शामिल

नई दिल्ली। भारत में तेज रफ्तार हाईवे और सुरक्षित वाहनों के बावजूद सड़क हादसे लगातार चिंता का कारण बने हुए हैं।

सरकार और राज्यों की कोशिशों के बावजूद सड़क दुर्घनाएं बढ़ रही हैं और सबसे ज्यादा प्रभावित युवा और कामकाजी लोग हो रहे हैं।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट रोड एक्सीडेंट्स इन इंडिया- 2023 के मुताबिक, साल 2023 में देशभर में 4.8 लाख से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं। इनमें से 1 लाख 72 हजार 890 लोगों की मौत हो गई और 4 लाख 62 हजार 825 लोग घायल हुए।

### क्या है रिपोर्ट में?

रिपोर्ट बताती है कि हादसों में मरने वालों में 66त्न युवा (18 से 45 साल) के थे। वहीं, अगर 18 से 60 साल तक के कामकाजी लोगों को देखें तो यह आंकड़ा 83.4 प्रतिशत तक पहुंच जाता है।

यानी हादसों का सबसे बड़ा असर परिवार के कमाने वाले सदस्यों पर हो रहा है। साल 2023 में हुए कुल सड़क हादसों में से 31.2 प्रतिशत राष्ट्रीय राजमार्गों पर, 22 प्रतिशतराज्य राजमार्गों पर और बाकी 46.8 प्रतिशत अन्य सड़कों पर दर्ज किए गए। राज्यों में तमिलनाडु में नेशनल हाईवे पर सबसे ज्यादा सड़क हादसे दर्ज हुए हैं। उत्तर प्रदेश में सड़कों हादसों में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं।

# आप विधायक हिरासत से फिल्मी स्टाइल में फरार

**पटियाला।** पंजाब की सन्नौर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा पुलिस हिरासत से फरार हो गए हैं। मंगलवार सुबह उन्हें हरियाणा के करनाल के डाबरी गांव से हिरासत में लिया था।

पुलिस उन्हें पटियाला के रास्ते पंजाब के थाने ले जा रही थी, जहां रास्ते में पठानमाजरा और उनके साथियों ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी और गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की, जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पठानमाजरा और उनके साथी एक स्कॉर्पियो और एक फॉर्च्यूनर में फरार हो गए। इनमें से पुलिस ने फॉर्च्यूनर समेत एक युवक को पकड़ लिया है। फॉर्च्यूनर से 3 पिस्टल मिली हैं। पुलिस टीम स्कॉर्पियो में फरार विधायक का पीछा कर रही है।



हिरासत में लेने से पहले पठानमाजरा ने एक वीडियो जारी कर कहा था कि पंजाब पुलिस ने मेरी पूर्व पत्नी से जुड़े एक पुराने मामले में आईपीसी की धारा 376 (रेप) के तहत केस दर्ज किया है। दिल्ली की आप टीम पंजाब पर हावी होने की कोशिश कर रही है और मेरी आवाज दबाई जा रही है।

पठानमाजरा पर 2022 में उनकी दूसरी पत्नी ने पहली शादी छिपाने और मारपीट का आरोप लगाया था। इसके अलावा एक कथित अश्लील वीडियो के वायरल होने के बाद भी वे सुर्खियों में रहे थे।

# हिसार में 4 युवकों पर 11 हजार वोल्ट तार गिरी : 3 की मौत

### चौथा छलांग लगाकर बचा; एक 2 बेटियों का पिता था

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में मंगलवार को हुए दर्दनाक हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे और उनके एक साथी की मौत हो गई। तीनों राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित गोगामेड़ी से दर्शन करके लौट रहे थे। जैसे ही तीनों हिसार पहुंचे, उन पर 11 हजार वोल्ट की लाइन का तार टूट कर गिर गया।



तीनों की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पावर हाउस को सूचना दी, लेकिन आधे घंटे तक सप्लाई बंद नहीं की गई। करंट लगने का खतरा देखते हुए ही लोग तुरंत उनकी मदद नहीं कर सके। इसी वजह से युवकों की जान चली गई।

लोगों के मुताबिक, तीनों के साथ एक युवक और था, जो तार की चपेट में आने से पहले ही बाइक से कूद गया। परिजनों ने बताया कि मृतकों में एक युवक दो बेटियों का पिता था।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल भिजवाए। सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम के कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस मामले में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक (एमडी) ने जांच कमेटी बनाई है।

## झीलों का विस्तार

### ये निष्कर्ष देश भर में व्यापक बाढ़ की पृष्ठभूमि में सामने आए हैं

# भारत में हो रहा 400 से ज्यादा हिमनद झीलों का विस्तार

नई दिल्ली। जलवायु परिवर्तन भारत के लिए नहीं दुनिया के लिए बड़ी चिंता विषय है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया है कि भारत में 400 से अधिक हिमनद झीलें अपने विस्तार के चिंताजनक रुझान दिखा रही हैं और आपदा के मद्देनजर इनकी गहन निगरानी की आवश्यकता है।

### हिमनद झीलों और जल निकायों की मासिक निगरानी जारी

हाल ही में सार्वजनिक की गई जून 2025 के लिए हिमनद झीलों और जल निकायों की मासिक निगरानी रिपोर्ट में, सीडब्ल्यूसी ने कहा कि लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में फैली 432 हिमनद झीलों को अचानक और विनाशकारी बाढ़ लाने की क्षमता के कारण गहन निगरानी के लिए चिह्नित किया गया है।



### हिमनद झीलों की गहन निगरानी की आवश्यकता

रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लेशियल लेक एटलस-2023 के अनुसार, भारत में स्थित 432 हिमनद झीलें (681 में से) जून 2025 के महीने के दौरान जल विस्तार क्षेत्र में वृद्धि प्रदर्शित करती हैं, और इसलिए आपदा उद्देश्यों के लिए गहन निगरानी की आवश्यकता है।

### यह रिपोर्ट देश में कई जगह आपदा के बाद सामने आई है

ये निष्कर्ष देश भर में व्यापक बाढ़ की पृष्ठभूमि में सामने आए हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी वर्षा के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि पहले से ही बाढ़ की मार झेल रहे पंजाब में सोमवार को फिर मूसलाधार बारिश हुई जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और सभी स्कूल-कॉलेज बंद करने पड़े।

जम्मू-कश्मीर के कटरा में लगातार बारिश के बीच, माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा लगातार सातवें दिन स्थगित रही, क्योंकि पिछले मंगलवार को यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई थी।

सीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हिमनद झीलों का कुल क्षेत्रफल वर्ष 2011 में 1,917 हेक्टेयर था जो वर्ष 2025 में बढ़कर 2,508 हेक्टेयर हो गया। यह आंकड़ा क्षेत्रफल में 30.83 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि, इस व्याख्या के लिए 100 हिमनद झीलों में से केवल 55 हिमनद झीलों पर विचार किया गया था।

# के कविता पार्टी से निलंबित, पिता की छवि खराब करने का लगा आरोप

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के कविता को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से निलंबित कर दिया गया है।

बीआरएस ने कहा कि हाल के दिनों में कविता के व्यवहार और उनकी गतिविधियां पार्टी के हितों के खिलाफ रही हैं। उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और संगठन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

पार्टी महासचिव टी रविंदर राव और सोमा भारत कुमार ने मीडिया को बताया कि बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। के कविता बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करेंगी।



इससे पहले वह तेलंगाना विधान परिषद से इस्तीफा दे सकती हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा पिछली बीआरएस सरकार के दौरान निर्मित कालेश्वरम परियोजना में अनियमितताओं की सीबीआइ जांच की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कविता ने सोमवार को कहा कि केसीआर के कुछ करीबी लोगों ने उनके नाम का इस्तेमाल करके कई तरह से लाभ उठाया है और उनके गलत कामों के कारण उन्हें बदनाम किया जा रहा है।

## हैप्पी मॉर्निंग

बीमार पति को डॉक्टर के पास ले गई पत्नी - डॉक्टर- इनको अच्छा खाना दो, हमेशा खुश रखो, घर की कोई भी प्रॉब्लम इनसे डिस्कस मत करो, फालतू की फरमाइशें मत करो ताकि इनकी चिंताएं न बढ़ें अगर ऐसा किया तो ये 6 महीने में ठीक हो जाएंगे.....

## शायरी

बस्ती के घरों को क्या देखे
बुनियाद की हुरमत क्या जाने
सैलाब का शिकवा कौन करे
सैलाब तो अंधा पानी है

## अर्थसार

संसेक्स:
80,157.88
-206.61 (0.26%)
निफ्टी:
24,579.60
-45.45

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | 25 डिग्री से0 |
| सूयोदय गुरुवार | 6 : 03 |
| सूर्यास्त बुधवार | 6 : 49 |

# संपादकीय

## बारिश से जलभराव : सड़कों पर नाव, सरकार के दावों की पोल खोलती बारिश



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत की राजधानी दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों में हर साल मॉनसून का आगमन राहत के साथ-साथ कई समस्याएं भी लेकर आता है। भारी बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव और ट्रैफिक जाम की स्थिति आम हो जाती है, जो न केवल आम जनता को परेशान करती है, बल्कि सरकारों और प्रशासन की तैयारियों की पोल भी खोलती है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाली सरकारें अक्सर दावा करती हैं कि उन्होंने जल निकासी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। लेकिन बारिश का मौसम आते ही ये दावे खोखले साबित होते हैं, क्योंकि सड़कें तालाब और नाले नदियों में तब्दील हो जाते हैं।

हाल के वर्षों में, दिल्ली, आगरा, ग्रेटर नोएडा जैसे शहरों में बारिश के बाद जलभराव की स्थिति ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में मिंटो रोड, आईटीओ, और आश्रम जैसे प्रमुख इलाकों में भारी बारिश के बाद सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। एक ऑटोरिक्शा के मिंटो रोड पर पानी में डूबने की घटना ने प्रशासन की लापरवाही को उजागर किया। इसी तरह, आगरा में हल्की बारिश ने भी नगर निगम के दावों पर पानी फेर दिया, जहां सड़कें और गलियां तालाब में बदल गईं। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में जल निकासी की कोई उचित व्यवस्था न होने के कारण दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बीजेपी सरकारें अक्सर दावा करती हैं कि नाले साफ किए गए हैं और जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। लेकिन वास्तविकता इससे उलट है। आगरा में नगर निगम ने मानसून से पहले नाले साफ करने का दावा किया था, लेकिन बारिश का पानी सड़कों पर उफान मारता रहा। दिल्ली में भी, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मिंटो रोड और आईटीओ पर जलभराव न होने पर संतोष जताया, लेकिन अन्य इलाकों में स्थिति बदतर रही। नालों में जाम मलबा, अतिक्रमण, और अनुचित रखरखाव जलभराव के प्रमुख कारण हैं।

यह समस्या केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी जलभराव और सड़कों की जर्जर स्थिति लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। प्रतीतनगर जैसे क्षेत्रों में सड़कों पर गड्ढे और जलभराव के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। इसके अलावा, भारी बारिश से नदियों और समुद्रों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो लोगों के जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाती है।

बीजेपी की नीतियों की आलोचना इस संदर्भ में स्वाभाविक है। सरकारें हर साल जलभराव की समस्या से निपटने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करती हैं, लेकिन परिणाम शून्य के बराबर हैं। अयोध्या जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के शहर में भी पहली बारिश में सड़कें धंस गईं, जिससे सरकार की तैयारियों पर सवाल उठे। जल संचय और नालों की सफाई जैसे दीर्घकालिक उपायों पर ध्यान न देना इस समस्या को और गंभीर बनाता है।

इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। नालों की नियमित सफाई, जल संचय की योजनाओं को लागू करना, और अतिक्रमण हटाने जैसे कदम जरूरी हैं। साथ ही, नागरिकों को भी जागरूक होकर कचरा नालों में न फेंकने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की आवश्यकता है। बारिश का मौसम राहत लाने के बजाय मुसीबत न बने, इसके लिए सरकार और समाज को मिलकर काम करना होगा।

# बिहार की राजनीति और राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा



लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की 17 अगस्त को सासाराम से शुरु हुई वोटर अधिकार यात्रा का समापन एक सितंबर को पटना में हो गया। यह 16 दिनों की यात्रा राज्य के 25 जिलों और 110 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी। करीब 1300 किलोमीटर की इस यात्रा का उद्देश्य कथित तौर पर लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के खिलाफ आवाज उठाना था। राहुल गांधी ने इसे नैतिक लड़ाई बताया। यात्रा के दौरान विपक्षी दलों ने एकजुटता दिखाई। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा सासाराम से शुरू हुई थी और पटना में समाप्त हुई। इस यात्रा का मकसद उन लाखों मतदाताओं के लिए आवाज उठाना था, जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। चुनाव आयोग की मसौदा मतदाता सूची में राज्य के 65.5 लाख वोटरों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं। विपक्ष ने इस यात्रा को सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक नैतिक लड़ाई के तौर पर पेश किया।

राहुल गांधी ने कहा कि वे उन लाखों लोगों के मताधिकार की रक्षा करना चाहते हैं, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। यात्रा में संवैधानिक की रक्षा की दुहाई दी गई और विपक्ष की एकता का प्रदर्शन किया गया। इस यात्रा के दौरान वोट चोर, गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाए गए।

पटना की रैली में समापन के मौके पर उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कर्नाटक की महादेवपुरा सीट में फर्जी मतदाताओं की पड़ताल के प्रकरण को दोहराते हुए कहा कि तब तो केवल एटम बम फटा था, लेकिन उससे भी ताकतवर होता है हाइड्रोजन बम, जो अब फूटने जा रहा है। राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि यह सिर्फ बिहार का मुद्दा नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र का मुद्दा है। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी यात्रा का मुख्य संदेश - एक व्यक्ति, एक वोट है। उन्होंने बीजेपी और चुनाव आयोग पर 65 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हटाए गए मतदाताओं में दलित, ओबीसी, मुस्लिम और गरीब वर्ग के लोग शामिल हैं। राहुल गांधी ने कहा, यह सिर्फ बिहार के बारे में नहीं है, यह भारत के लोकतंत्र के बारे में है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा संविधान की रक्षा के लिए थी।

राहुल गांधी ने संकेत दिए हैं कि निश्चित ही कांग्रेस पार्टी ने कई ऐसे और सबूत अब तक एकत्र कर लिए होंगे, जिनके सामने आने से बड़ा धमाका होने वाला है। दो दिन पहले गुजरात में कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा ने लोकसभा सीट नवसारी और विधानसभा सीट चोरयासी पर जांच का दावा किया है। उन्होंने बताया कि कुल मतदाताओं में करीब 30 हज़ार फर्जी हैं। जब दो सीटों पर इतनी बड़ी संख्या में फर्जी वोटर हैं, तब इस फर्जीवाड़े का दायरा और कितना बड़ा होगा, यह अनुमान लगाया जा सकता है। महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव इसके अलावा लोकसभा चुनावों में भी मतदाता सूची में हेरफेर के इल्जाम श्री गांधी लगा चुके हैं, तो मुमकिन हैं अबकी बार इन्हीं में से किसी चुनाव की गड़बड़ी फिर से सामने लायी जायेगी।

पटना में यात्रा के समापन पर राहुल और तेजस्वी के साथ जेएमएम से हेमंत सोरेन, शिवसेना से संजय राउत, एनसीपी से जितेंद्र आव्हाड़, टीएमसी से युसूफ पठान, माकपा से एम ए बेबी, भाकपा से डी राजा और एनी राजा भी शामिल हुए। इससे पहले एम के स्टालिन, कनिमोझी, अखिलेश यादव, पप्पू यादव तो यात्रा में साथ चले भी हैं। इस मौके पर झारखंड के मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वोट चोरी पहले से चल रही थी, पकड़ में अब आई है। इसके संकेत साफ़ हैं कि वोट चोरी या एसआईआर के जरिए मतदाता सूची से नाम काटने का मुद्दा केवल बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश का मुद्दा बन चुका है और समूचा विपक्ष इसमें एक साथ भाजपा के खिलाफ खड़ा है। पूरा विपक्ष चुनाव आयोग पर धांधली के एक जैसे इल्जाम लगा रहा है। अभी आम आदमी पार्टी इसमें शामिल नहीं हुई, लेकिन वोट चोरी की शिकायत वह भी करती है और जब संसद से चुनाव आयोग तक विपक्ष का पैदल मार्च हुआ था, तब आप के सांसद संजय सिंह भी शामिल हुए थे। यहां अब विपक्ष पहले से ज्यादा ताकतवर और एकजुट दिखाई दे रहा है।

वैसे तो पूरी यात्रा के दौरान भारी हुजूम उमड़ा रहा, लेकिन समापन के मौके पर न केवल बिहार बल्कि देश के अलग-अलग जगहों से लोग पहुंचे थे। गांधी मैदान से अंबेडकर प्रतिमा तक विपक्ष के काफ़िले को आगे बढ़ने में घंटों लगे क्योंकि तिल रखने की जगह भी नहीं थी। तिरंगे, हरे, लाल, नीले रंग के झंडों से पटना अटा पड़ा था और वहीं बहुत से लोगों ने काले कपड़ों में भी अपनी मौजदूगी दर्ज कराई। लेकिन उनका भी राहुल-तेजस्वी से बैर नहीं था, और न ही किसी को काले कपड़ों में आने से रोका गया। बल्कि 30 अगस्त को यात्रा के आखिरी दिन भोजपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के 4 कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए थे, तो उन्होंने उनमें से एक को पास बुलाकर उनकी बात सुनी और हक़ीक़त बताई।

हालांकि भाजपा अब इसे ही मुद्दा बनाने की कोशिश में है। राहुल की सभा में बिजली काटना, आवागमन अवरुद्ध करवाना, ये सारे दांव भी भीड़ को रोक नहीं पाए, तो श्री मोदी की दिवंगत मां का मुद्दा खड़ा हो गया। पटना में सदाकत आश्रम पर लाठी डंडों के साथ हमले के बाद लखीमपुर खीरी में कांग्रेस मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तोड़-फोड़ मचाई और यह सब पुलिस की मौजूदगी में हुआ। इधर राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम वाले बयान के फौरन बाद भाजपा ने प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें रविशंकर प्रसाद ने उन्हें विपक्ष के नेता की गरिमा का वास्ता दिया। राहुल गांधी की समझ पर सवाल उठाए कि दुनिया में आज तक हाइड्रोजन बम नहीं फूटा, राहुल गांधी इसे फोड़ने की बात कह रहे हैं। जिस हड़बड़ी में भाजपा ने ये प्रेस कांफ्रेंस की और ऐसा लगा कि बिना तैयारी के ही पूर्व कानून मंत्री पत्रकारों को संबोधित करने बैठे थे, उससे ज़ाहिर हो रहा है कि बिहार का माहौल अब भाजपा को डराने लगा है।

वैसे भी चुनाव आयोग पर अब और नए आरोप सामने आए हैं। पवन खेड़ा ने बताया कि मतदाता सूची में गड़बड़ी की 89 लाख शिकायतें चुनाव आयोग को दी गई हैं। क्योंकि इससे पहले चुनाव आयोग ने अदालत में कहा था कि उसके पास शिकायतें नहीं आई हैं। कांग्रेस नेता ने बताया कि चुनाव अधिकारी बूथ एजेंटों से शिकायतें नहीं लेते और व्यक्तिगत शिकायत जमा करने कहते हैं, जो कि संभव नहीं है, क्योंकि लाखों लोग, जिनके नाम वोटर लिस्ट से कट चुके हैं वे चुनाव अधिकारी तक नहीं पहुंच सकते हैं। कांग्रेस ने कहा है कि बूथ एजेंटों ने सभी के आवेदन इकट्ठा कर, जिला अध्यक्षों के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को जमा करवाये हैं।

इस खुलासे से ज़ाहिर है कि चुनाव आयोग तक शिकायत पहुंचाने की कोशिश राजनैतिक दल कर रहे हैं। इसी तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति परकला प्रभाकर ने भी चुनाव आयोग से सवाल किए हैं। क्योंकि पत्रकार श्रीनिवासन रमानी की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बिहार में एसआईआर के तहत तो 65 लाख वोट विभिन्न इलाकों से काटे गए हैं, उनके विश्लेषण पर गंभीर सवाल उठते हैं। जैसे 80 इलाकों में युवा मतदाताओं के मृत्यु के आंकड़े आश्चर्यजनक रूप से सामने आए हैं। 127 इलाकों में वोटर लिस्ट में नाम काटने में लिंगभेद देखा गया है, 1985 इलाके ऐसे हैं, जहां अतार्किक तौर पर मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। 937 इलाके ऐसे हैं, जहां सारे मतदाताओं को मृत बताया गया है, 5084 इलाकों में बड़ी संख्या में अनुपस्थित मतदाता दिखाये गये हैं। ऐसी ही कई और अनियमितताओं का खुलासा रिपोर्ट में किया गया है, जिसकी गहन जांच की ज़रूरत बताई गई है। इन ख़बरों से ज़ाहिर है कि वोट चोरी का मुद्दा अकेले राहुल गांधी नहीं उठा रहे हैं, उनके साथ कई लोग चुनाव आयोग से जवाबदेही की उम्मीद कर रहे हैं।

बिहार में पिछले करीब चार दशकों में कांग्रेस लगातार कमजोर होती गई है। लेकिन इस यात्रा ने राहुल गांधी को विपक्ष के मुख्य चेहरे के तौर पर स्थापित किया। यात्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी उत्साहित किया है। इससे पार्टी को बिहार विधानसभा चुनावों से पहले अपने संगठन को मजबूत करने का मौका मिला। चंद्रशेखर यादव उर्फ पप्पू यादव के अनुसार कांग्रेस को मजबूती मिली है इस यात्रा से।

वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी सफेद टी-शर्ट के ऊपर गमछा डाले हुए थे। वे खुली जीप पर सवार होकर गांवों में लोगों से बात करते हुए दिखाई दिए। पार्टी ने इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया। उन्हें एक जमीनी और लोगों तक पहुंचने वाले नेता के तौर पर पेश किया गया। राहुल गांधी मखाने के खेतों में भी गए। उन्होंने देखा कि यह सुपरफूड कैसे उगाया जाता है। उन्होंने कहा कि 99 प्रतिशत %बहुजन% लोग कड़ी मेहनत करते हैं, जबकि इसका फायदा सिर्फ एक प्रतिशत बिचौलियों को मिलता है। उन्होंने इस अन्याय के खिलाफ लड़ने का वादा किया।

राहुल गांधी ने लोगों से अपील की कि वे सरकार के खिलाफ एकजुट हों। उन्होंने कहा कि अगर लोग एकजुट होंगे तो वे सरकार को बदल सकते हैं। राहुल गांधी की बातों का लोगों पर काफी असर हुआ। यात्रा के दौरान कई लोगों ने उनसे मिलकर अपनी समस्याएं बताईं। लोगों ने उन्हें बताया कि वे सरकार से कितने परेशान हैं। राहुल गांधी ने लोगों को आश्वासन दिया कि वह उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह लोगों के साथ हैं और वह उनके लिए लड़ते रहेंगे। राहुल गांधी की यह यात्रा बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है।

बिहार में विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर माह में होने की संभावना है। इस चुनाव से पहले बिहार का सियासी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज होते जा रहे हैं। बिहार का विधानसभा चुनाव महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि इसके नतीजे सत्ता पक्ष और विपक्ष के भविष्य के बारे में संकेत दे सकते हैं। इस चुनाव के करीब छह माह बाद मई 2026 में चार राज्यों असम, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होंगे। इनमें से तीन राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं।


# टाईम पास

## तुरंत मदद जरूरी

कई दशकों की सबसे बड़ी विनाशकारी बाढ़ की त्रासदी झेल रहे पंजाब में जन-धन की व्यापक क्षति हुई है। खेतों में खड़ी फसलें ही नष्ट नहीं हुई हैं बल्कि खेतों की उर्वरता की भी हानि हुई है। लेकिन जिस गति से उत्तर भारतीय राज्यों को बाढ़ ने अपनी चपेट में लिया है, उसको लेकर राहत की तत्काल प्रतिक्रिया केंद्र सरकार की तरफ से नजर नहीं आती। फिलहाल पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विनाशकारी बाढ़ की चपेट में हैं। विनाशकारी बाढ़ ने व्यापक पैमाने पर फसलों को तबाह किया, घरों को तहस-नहस किया, पशु धन की बर्बादी हुई है और बाढ़ के पानी ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को तहस-नहस कर दिया है। इस आसमानी आफत के सामने लोग लाचार व असहाय नजर आ रहे हैं। नागरिक इस संकट के वक्त में शासन से जिस सहानुभूति और निर्णायक मदद की कार्रवाई की उम्मीद कर रहे थे, उसके बजाय नौकरशाही की सुस्ती और नाममात्र की घोषणाओं ने उन्हें निराश किया है। इस संकट की घड़ी में वे तंत्र की काहिली बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हैं। इसमें दो राय नहीं है कि पंजाब पहले ही कृषि संकट से जूझ रहा था। लेकिन बाढ़ की तबाही ने उसके बड़े उपजाऊ क्षेत्र के संकट को और गंभीर बना दिया है। किसानों को अब सामान्य स्थिति बहाल करने में सालों लग जाएंगे। इसी तरह हिमाचल लगातार दूसरे वर्ष भी अतिवृष्टि जनित व्यापक तबाही की मार झेल रहा है। आपदाग्रस्त हिमाचल में सड़कों का ताना-बाना बिखर गया है। बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि ने व्यापक जन-धन की हानि की है। राज्य अभी बीते वर्ष की आपदा के जख्मों से उबरा नहीं था कि इस साल अतिवृष्टि ने भयावह तबाही का मंजर पैदा कर दिया। तमाम इलाकों से भूस्खलन और तबाही की खबरें आ रही हैं। राज्य ढहे पुलों और फंसे पर्यटकों के संकट से जूझ रहा है। इससे इस संवेदनशील पहाड़ी राज्य की अर्थव्यवस्था भी खतरे में पड़ गई है।

इसी तरह हरियाणा के अनेक गांव मुख्य भू-भाग से कट गए हैं। सड़कें नष्ट हुई हैं और मवेशी बह गए हैं। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाओं और बाढ़ ने व्यापक जन-धन की हानि की है। बाढ़ ने हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया है। जिसके चलते राज्य का नाजुक सामाजिक और आर्थिक ताना-बाना बिगड़ गया है। केंद्र सरकार आपदा राहत की अनुग्रह राशि के चेक देकर और राहत से जुड़े बयानों तक सीमित नहीं रह सकती। इन राज्यों में विनाश के स्तर को देखते हुए तत्काल और ठोस हस्तक्षेप करने की जरूरत है। वक्त की मांग है कि इन क्षेत्रों के लिये विशेष राहत पैकेज की घोषणा हो। आपदा राहत निधि का त्वरित वितरण किया जाए। इसके साथ ही जरूरी है कि पीड़ित परिवारों को तुरंत सीधा वित्तीय हस्तांतरण किया जाए। यदि समय रहते ऐसे कदम नहीं उठाए जाते तो जनाकांक्षाओं के साथ छल ही होगा। केंद्र सरकार को राज्य पर सिर्फ जिम्मेदारी थोपते हुए ऋण को केंद्रीयकृत करने की अपनी प्रवृत्ति को त्यागना होगा। बाढ़ से बेहाल हुए पंजाब को राहत देने के लिये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के बकाया साठ हजार करोड़ रुपये की मांग की है। निस्संदेह, जब पंजाब बाढ़ के गंभीर संकट से जूझ रहा है तो केंद्र से तत्काल सहायता पाना उसका हक बनता है। इसके साथ ही यहां यह भी जरूरी है कि केंद्र व राज्य सरकार आपस में संवादहीनता की स्थिति को खत्म करें। दोनों सरकारें स्वीकार करें कि बाढ़ का संकट गंभीर है और लोगों को राहत पहुंचाना दोनों सरकारों की प्राथमिकता बने। इस संकट की घड़ी से उबरने के लिये राजनीतिक मतभेदों को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है। निस्संदेह, केंद्र सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावितों के लिये तत्काल मदद के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करने की जरूरत है। बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास, शीघ्र जल निकासी और राज्य सरकार और गैर सरकारी संगठनों के मजबूत समन्वय के लिए तत्काल आर्थिक सहायता की जरूरत है।

## काकुरो पहेली - 3639




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

11 → 1 2 3 5
7 ↓ 1 2 4

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3638 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक ऐसी युवती थी, जिसका कभी किसी से कोई रोमांस नहीं हुआ था। एक दिन उसने रोमांटिक ख्वाब देखा- जब वह गार्डन में घूम रही थी, तभी एक सुंदर युवक ने साड़ी के पीछे छुपकर उससे लिपट गया। वह भागी लेकिन एक घने पेड़ की मधुर छाया में तरुण ने उसे पकड़ लिया।

तुम-तुम क्या करने जा रहे हो? वह हकबकाई।

शैतानी से मुस्कराकर युवक बोला- तुम बताओ। यह तुम्हारा सपना है।

□ □ □

अखबार पढ़ते प्रेमी को प्रेमिका ने पीछे से जोरदार घूँसा मारा। इस पर प्रेमी ने कहा -क्या हुआ, प्रिया?

प्रेमिका- तुम्हारी शर्ट की जेब में एक कागज मिला था जिस पर मेरी (लड़की का नाम) लिखा हुआ था।

प्रेमी- अरे नहीं प्रिये, तुम्हें याद है पिछले सप्ताह मैं ट्रेकिंग पर गया था। मैंने घोड़े की सवारी की थी। मेरी उसी घोड़े का नाम है।

अगले दिन प्रेमिका ने फिर जोरदार घूँसा मारा।

प्रेमी- अब क्या हुआ प्रिये?

प्रेमिका - तुम्हारे घोड़े का फोन आया था।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3639



### बायें से दायें:-

१. कारगिल युद्ध पर बनी जे. पी. दत्ता की बहु-सितारा फिल्म-२,१,१
३. 'रूप सलोना तेरा' गीत वाली सनी, अक्षय, मनीषा की फिल्म-२,३
६. आमिर, माधुरी दीक्षित की 'खंभे जैसी खड़ी है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'अपना बनाना है' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
८. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली फिल्म-२
९. 'रिमझिम के गीत' गीत वाली राजेद्र कुमार, बबीता की फिल्म-४
१२. 'छोटा कद और पेट बड़ा' गीत वाली संजयदत्त, नम्रता की फिल्म-३
१३. अजय देवगन, मधु, सोनाली की 'किसी के इश्क' गीत वाली फिल्म-४
१५. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम की नायिका कौन थी-२
१८. अक्षय कुमार, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सात सुरों के तार' गीत वाली जैकी, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२१. फरदीन, करीना की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'डैडी कूल कूल' गीत वाली शाहरूख खान, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२३. राजीव कपूर, डिम्पल की 'कोई भी नाम दो' गीत वाली फिल्म-२
२४. अभिनेत्री पूजा भट्ट के पिता-३
२६. दिलीपकुमार, वहीदा रहमान की 'कल के सपने' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तुझे ना देखूँ तो' गीत वाली जीतेंद्र, कमल सदाना, दिव्या की फिल्म-२
३०. सुमीत सहगल, शिखा की 'पीछे पीछे आजा' गीत वाली फिल्म-४

### ऊपर से नीचे:-

१. 'दिल लगाने की' गीत वाली अक्षय, अमिताभ, राखी, जूही की फिल्म-२,२
२. अतीन भल्ला, संदली की एक फिल्म-२
३. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली फिल्म-२
४. संजयदत्त, काजोल की 'आवाज दो हमको' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली फिल्म-३
६. अजय देवगन, रवीना की 'कितना हसीन चेहरा' गीत वाली फिल्म-४
९. राजेश खन्ना, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
१३. सनी, बॉबी, उर्मीला की 'कोई नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'तुम आए तो आया' गीत वाली अजय देवगन, पूजा भट्ट की फिल्म-२
१६. 'कहाँ से आई रानी' गीतवाली फिल्म-२,२
१७. 'मैं जब बोलूँ हाँ' गीत वाली जीतेंद्र, नीतूसिंह की फिल्म-४
१८. अशोककुमार, सुमिता की 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'दोस्त दोस्त ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
२०. अक्षय, करिश्मा की 'दिल ले गया' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'रजिया सुल्तन' में रजिया सुल्तन की शीर्षक भूमिका किसने की हैं-२
२६. 'तेरा क्या लगता है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'काजल' की नायिका कौन थी-३
२८. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3638



## सूडोकु -3639


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3638 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 3639



### बाएँ से दाएँ

2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

### ऊपर से नीचे

1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

### शब्द पहेली -3638 का हल



# बाइक-बोट से भूटानी तक : पोंजी स्कीम का नया खेल

**विशेष संवाददाता, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक**

लखनऊ से लेकर नोएडा तक, निवेशकों की गाढ़ी कमाई को ठगने का खेल नए-नए चेहरों के साथ सामने आता रहा है। कभी बाइक-बोट तो आज भूटानी इंफ्रा। सवाल वही है – आखिर कब तक जनता पोंजी स्कीम का शिकार बनती रहेगी ?

## बाइक-बोट घोटाला

ग्रेटर नोएडा की कंपनी Garvit Innovative Promoters Ltd (GIPL) ने 'बाइक-बोट' के नाम पर देश का बड़ा पोंजी घोटाला किया।
कंपनी ने कहा कि लोग बाइक खरीदें, कंपनी उन्हें Ola/Uber की तरह चलाएगी और हर महीने तय रकम, EMI और बोनस देगी। लाखों लोगों ने भरोसा किया। शुरू में कुछ भुगतान भी हुआ, लेकिन बाद में पूरा खेल फर्जी निकला।
ईडी ने हाल ही में 394.42 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। इससे पहले 220.78 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी थी। कुल ठगी का आकार 4,500 करोड़ रुपये से ज्यादा माना जा रहा है। मालिक संजय भाटी जेल में है और लाखों परिवार बर्बादी के कगार पर हैं।

## भूटानी इंफ्रा पर सवाल

आज वही पैटर्न भूटानी इंफ्रा में देखने को मिल रहा है। ईडी की जांच में सामने आया है कि कंपनी ने निवेशकों से 3,500 करोड़ रुपये से अधिक वसूले।
आरोप है कि करीब 200 करोड़ रुपये विदेश भेजे गए और कई प्रोजेक्ट अधर में अटके पड़े हैं।
हज़ारों निवेशकों का कहना है कि 'तेज़ मुनाफ़ा' और 'विश्व स्तरीय प्रोजेक्ट' के नाम पर उनका खून-पसीना लूटा गया।

## पोंजी स्कीम का पैटर्न

**यह खेल हमेशा एक जैसा होता है:**

- नए निवेशकों से पैसा लेकर पुराने को लौटाना,
- जनता के सामने सपनों का ताना-बाना बुनना,
- और अंत में सबकुछ ढह जाना।

1920 में अमेरिका के चार्ल्स पोंजी ने यही तरीका अपनाया था। भारत में इसका उदाहरण बाइक-बोट रहा और अब भूटानी इंफ्रा उसी राह पर खड़ा दिखाई देता है।

## जनता का दर्द और सिस्टम की चुप्पी

बाइक-बोट में निवेशकों को सपनों की सवारी बेची गई, भूटानी में सपनों की इमारतें। नतीजा दोनों का एक जैसा – जनता की बरबादी।
सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतने बड़े घोटाले होते कैसे हैं ? क्या अथॉरिटी और नियामक सो रहे थे ? या नेताओं और अफसरों की मिलीभगत से ही अरबों का यह खेल संभव हुआ ?




## अन्य बड़ी पोंजी स्कीमें

**1. सहारा घोटाला ( Sahara Scam )**

- लाखों निवेशकों से रीयल एस्टेट और डिबेंचर स्कीम के नाम पर अरबों रुपये जुटाए गए।
- SEBI ने इसे गैरकानूनी करार दिया।
- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी निवेशकों का पैसा अब तक पूरी तरह नहीं लौटा।

**2. शारदा चिट फंड ( Sharada Scam – पश्चिम बंगाल, असम, उड़ीसा )**

- लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को ऊँचे रिटर्न का लालच दिया गया।
- 2013 में यह घोटाला फूटा, हज़ारों करोड़ डूब गए।
- राजनीतिक और प्रशासनिक मिलीभगत के आरोप लगे।

**3. रोज़ वैली घोटाला ( Rose Valley Scam )**

- चिट फंड कंपनियों के जरिए करीब 17,000 करोड़ रुपये वसूले गए।
- ईडी और सीबीआई की कार्रवाई में दर्जनों गिरफ्तारियाँ हुईं।

**4. पर्ल्स ग्रुप ( Pearls / PACL Scam )**

- किसानों और छोटे निवेशकों से 49,000 करोड़ रुपये की वसूली की गई।
- प्लॉट देने का झांसा, लेकिन ज़मीन कहीं थी ही नहीं।
- यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी पोंजी स्कीम मानी जाती है।

**5. बाइक-बोट और अब भूटानी इंफ्रा**

- पैटर्न एक ही – सपनों का झांसा, निवेशकों की बरबादी।
- फर्क सिर्फ नाम और चेहरे का है।

## विशाल इंडिया की मुहिम

हमारा अख़बार लगातार यह चेतावनी दे रहा है कि जनता जब तक जागेगी नहीं, तब तक ऐसे पोंजी खेल चलते रहेंगे। कल बाइक-बोट, आज भूटानी, कल न जाने कौन सा नया नाम सामने आएगा।
'जनता जागेगी, तभी ठगी रुकेगी।'

## निष्कर्ष

बाइक-बोट और भूटानी – चेहरा अलग, कहानी वही। सपनों का झांसा, अरबों की ठगी और जनता की बरबादी। सहारा, शारदा, रोज़ वैली, पर्ल्स – सब यही कहानी बताते हैं। यह सिर्फ घोटाले नहीं, बल्कि जनता के विश्वास पर सबसे बड़ा हमला हैं।

# महिला आयोग की सदस्य के बेटे का नोएडा में एक्सीडेंट

**डॉ. मीनाक्षी भराला के बेटे समेत 5 लोग कार में थे, युवती की मौत**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश की महिला आयोग सदस्य डॉ मीनाक्षी भराला के 20 वर्षीय बेटे युगराज सिंह का सोमवार शाम करीब 5 बजे नोएडा में एक ट्रक से एक्सीडेंट हो गया। घटना तब हुई जब वह दोस्तों के साथ ब्रिजा गाड़ी में सवार होकर कॉलेज की छुट्टी होने के बाद जा रहा था। इसी दौरान कार में ट्रक ने टक्कर मार दी।
मेरठ के पल्लवपुरम स्थित घर से युगराज सुबह ही नोएडा के लिए निकला था। रोहटा रोड बाइपास पर परिजन उसको सुबह छोड़ कर आए थे। यहां से वह अपने दोस्त यश अत्री के साथ नोएडा गया था। जिस समय यह हादसा हुआ, यश भी उसके साथ ही गाड़ी में मौजूद था।



### पांच लोग थे कार में मौजूद

जिस समय कार का एक्सीडेंट हुआ तब कार में युगराज सिंह, यश अत्री, अन्वी, इशिका और हर्ष ये पांच लोग मौजूद थे। इनमें से युगराज कार चला रहा था और इशिका बराबर में बैठी थी। बाकि तीन दोस्त पीछे बैठे हुए थे। आगे बैठी लड़की की मौत हो गई है। पीछे बैठे तीनों दोस्तों की हालत में सुधार है। युगराज सिंह का नोएडा के एक अस्पताल में ऑपरेशन चल रहा है, जहां डॉ ने उसकी हालत गंभीर बताई है। ये सभी छात्र बैनेट यूनिवर्सिटी के छात्र है और बीबीए की पढ़ाई कर रहे थे। कॉलेज से निकलने के कुछ देर बाद ही यह हादसा हो गया। महिला आयोग के सदस्य के बारे में पता चलते ही आसपास के लोग उनके घर और नोएडा अस्पताल में पहुंचने शुरू हो गए।

## दहेज में स्कॉर्पियो और 5 लाख की मांग

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में दहेज प्रताड़ना का एक मामला सामने आया है। मिर्जापुर गांव की रहने वाली रिंकी भाटी ने अपने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रिंकी की शादी 2018 में गाजियाबाद के वेब सिटी निवासी रोहित भाटी से हुई थी। शादी के शुरुआती दिन ठीक रहे। बाद में ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 23 अगस्त को पति रोहित, सास और ननद ने दहेज में स्कॉर्पियो कार, 5 लाख रुपए नकद और 10 तोला सोने की मांग की। रिंकी ने जब इस मांग का विरोध किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद रोहित अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसे गाड़ी में डालकर यमुना एक्सप्रेसवे पर छोड़कर भाग गया। स्थानीय लोगों ने रिंकी को पहचान कर उसके मायके पहुंचाया। पीड़िता का आरोप है कि उसका दो साल का बेटा भी उससे छीन लिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यमुना का जलस्तर खतरनाक स्तर पर

**ग्रेटर नोएडा में 200 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया**



**गौतम बुद्ध नगर।** हथिनीकुंड बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। इसका प्रभाव ग्रेटर नोएडा में देखा जा रहा है। बाढ़ की आशंका को देखते हुए गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है।
प्रशासन ने सेक्टर-150, ग्राम तिलवाड़ा और आसपास के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। अब तक करीब 150-200 परिवारों को पुस्ता पर स्थानांतरित किया जा चुका है। ग्रेटर नोएडा सदर तहसील की टीम डूब क्षेत्र की निगरानी कर रही है। प्रशासन ने लोगों को बाढ़ चौकी या पुस्ता पर जाने की सलाह दी है। विस्थापित परिवारों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था की गई है। सदर तहसील के एसडीएम प्रतीक चौहान के अनुसार, डूब क्षेत्र में स्थित फार्म हाउस में रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया है।
आने वाले घंटों में जलस्तर में और वृद्धि की आशंका है। प्रशासन ने राहत और बचाव दलों को अलर्ट पर रखा है। अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## गौतमबुद्धनगर के विभिन्न विभागों में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर के विभिन्न विभागों में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के विरोध में करप्शन फ्री इंडिया संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रधान के नेतृत्व में 3 सितंबर 2025 की सुबह 10: 00 बजे जिला मुख्यालय पहुंचकर कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए भ्रष्टाचार को समाप्त करने की मांग करते हुए जिलाधिकारी मेधा रूपम को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर में दबाकर नकली घी पनीर एवं अन्य खाद्य सामग्री बेची जा रही हैं खाद्य विभाग मौन, उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग चिकित्सा विभाग खनन विभाग आबकारी विभाग भूजल विभाग एवं ग्राम विकास विभाग में दबाकर अधिकारियों के द्वारा घोर लापरवाही एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिस कारण गौतम बुद्ध नगर की जनता के साथ लूट की जा रही है इस लूट को रोकने एवं भ्रष्टाचार को समाप्त करने के संबंध में करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर जिलाधिकारी मेधा रूपम को ज्ञापन सौंपेंगे। मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कल होने वाले आंदोलन में विभिन्न गांव के सैकड़ो ग्रामीण हिस्सा लेंगे।

# किसान एकता संघ में शामिल हुए भाकियू अंबावता के पदाधिकारी

**64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा और रोजगार समेत कई मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में किसान संगठनों की एकजुटता का नया अध्याय शुरू हुआ है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अंबावता के सैकड़ों पदाधिकारियों ने किसान एकता संघ की सदस्यता ली। यह कार्यक्रम तुगलपुर, परी चौक स्थित किसान एकता संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शौकत अली चेची के आवास पर आयोजित किया गया।
जोरा भाटी की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने किया। राष्ट्रीय सचिव श्रीकृष्ण बैंसला ने प्राधिकरण के अधीन गांवों की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गांवों में सीवर, बिजली और सड़कों की स्थिति खराब है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा ने किसानों की मांगों का जिक्र किया। इनमें 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा, बैक लीज, आबादी निस्तारण और युवाओं को रोजगार शामिल हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने जेवर से सूरजपुर कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा की घोषणा की। संगठन के विस्तार में भूपेंद्र नागर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और मालती देवी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला मोर्चा) बनाया गया।



कई कार्यकर्ताओं को प्रदेश और जिला इकाई में जिम्मेदारियां दी गईं। बैठक में चौधरी सोरन प्रधान, श्रीकृष्ण बैसला, संजय प्रधान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नोएडा में आवारा कुत्तों पर नई पहल

**दो नए डॉग शेल्टर बनेंगे, आक्रामक कुत्तों को किया जाएगा अलग**

**जेवर।** नोएडा प्राधिकरण ने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। सोमवार को प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकश एम की अध्यक्षता में बैठक हुई। यह बैठक सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा कुत्तों के संबंध में दिए गए आदेशों के अनुपालन को लेकर आयोजित की गई।
प्राधिकरण ने सभी आरडब्ल्यूए और एओए को निर्देश दिए हैं। उन्हें अपनी सोसाइटी या सेक्टर में बिना नसबंदी वाले कुत्तों की फोटो सहित रिपोर्ट देनी होगी। नसबंदी किए गए कुत्तों की पहचान उनके कान पर बने वी-नॉच से होगी।
आक्रामक और रेबीज प्रभावित कुत्तों के लिए दो नए डॉग शेल्टर बनाए जाएंगे। इनके संचालन के लिए एजेंसी का चयन किया जाएगा। तब तक ऐसे कुत्तों को वर्तमान एजेंसी के माध्यम से एनिमल हॉस्पिटल या शेल्टर में रखा जाएगा।



सेक्टर और गांव स्तर पर कुत्तों का सर्वे कराया जाएगा। इसमें नसबंदी किए गए, बिना नसबंदी वाले और आक्रामक कुत्तों की गणना की जाएगी। यह काम एनजीओ के माध्यम से कराया जाएगा।
बैठक में यह भी बताया गया कि हरियाणा के हथनी कुंड बैराज से यमुना में 3 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है। 2 सितंबर को नोएडा में यमुना का जलस्तर पुस्ता तक पहुंच सकता है। इसे देखते हुए डूब क्षेत्र के सभी गौवंशों को सेक्टर-135 की ग्रीन बेल्ट में स्थानांतरित कर दिया गया है। उनकी देखभाल और भोजन की व्यवस्था की गई है।

## ग्रेटर नोएडा में हाई वोल्टेज करंट से हादसा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित मंडपा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। सोमवार दोपहर को 60 वर्षीय सलमा अपने घर की छत पर टहल रही थीं। इस दौरान छत के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से उन्हें करंट लग गया। करंट लगने से वह असंतुलित होकर छत से नीचे गिर गईं। परिजन तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है। साथ ही उन्होंने कोई लिखित शिकायत भी दर्ज नहीं कराई है। पुलिस का कहना है कि यदि शिकायत मिलेगी तो मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रासलीला का हुआ वर्णन



**गौतमबुद्धनगर।** एकल श्रीहरि बनवासी फाउंडेशन के अंतर्गत श्री मद भागवत कथा के षष्ठ दिवस आज दिनाक 1 सितंबर 2025 को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कथा व्यास साध्वी प्रीति पाराशर जी द्वारा शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक श्री पीपल महादेव मन्दिर डेल्टा 1 में किया गया। भागवत कथा में आज रास लीला मथुरा गमन का वर्णन किया गया। रासलीला या कृष्णलीला में युवा और बालक कृष्ण की गतिविधियों का मंचन होता है। कृष्ण की मनमोहक अदाओं पर गोपियां यानी बृजबालाएं लट्टू थीं। कान्हा की मुरली का जादू ऐसा था कि गोपियां अपनी सुतबुत गंवा बैठती थीं। गोपियों के मदहोश होते ही शुरू होती थी कान्हा के मित्रों की शरारतें। भागवत कथा में आज के यजमान कुलदीप शर्मा अदिति तोमर , मुकुल गोयल , ओमप्रकाश पूनम अग्रवाल, बबीता बंसल , सरोज तोमर , सरोज अरोड़ा, ममता सिंह , साधना , रश्मि अरोड़ा, अर्चना वशिष्ट, आदि उपस्थित रहे ।

# शार्ट न्यूज

## कनाडा में रह रहे व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक गंभीर जमीन घोटाले का मामला सामने आया है। कनाडा में रह रहे 70 वर्षीय व्यक्ति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर उसकी 50 बीघा जमीन हड़पने का प्रयास किया गया। मामले में पीड़ित जिले सिंह ने बताया कि उन्होंने 1996 में दिल्ली निवासी राहुल सोनी से बेला खुर्द गांव में जमीन खरीदी थी। पॉवर अटॉर्नी और बैनामा कराने के बाद राहुल कनाडा चला गया। इसके बाद चार राज्यों के 13 लोगों ने मिलकर एक साजिश रची। आरोपियों ने पंजाब से राहुल का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया। फिर फर्जी बेटा-बेटी बनाकर वसीयतनामा तैयार करवाया। अट्टा फतेहपुर के कुछ आरोपियों ने सरकारी कार्यालय में इसकी पुष्टि भी करवाई। इस तरह उन्होंने जमीन के दस्तावेजों में अपना नाम दर्ज करा लिया। आरोपियों में उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के लोग शामिल हैं। पीड़ित को दनकौर पुलिस से मदद न मिलने पर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर हाईवा ने बाइक को मारी टक्कर: कंपनी कर्मचारी की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर हाईवा की टक्कर से एक कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान रौनिजा गांव निवासी विकास के रूप में हुई है। सोमवार रात को विकास अपने दोस्त देवदत्त कौशिक के साथ बाइक पर घर लौट रहा था। यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर एक हाईवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। घायलों को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। देवदत्त की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। मृतक के भाई सतपाल ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने हाईवा चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा में दो पक्षों में मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया। इस घटना में कुल 5 लोग घायल हुए। पहले पक्ष के इरशाद ने बताया कि सोमवार को वह दुकान जा रहा था। रास्ते में शमशाद, इरशाद, दानिश और आबिद ने उसे रोका। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आए इरशाद के भाई समीर और नूर मोहम्मद को भी पीटा गया। दूसरे पक्ष के शमशाद का कहना है कि वह अपने बेटे के साथ दुकान जा रहा था। इस दौरान इरशाद, जानू, समीर और नूर मोहम्मद ने उन पर लाठी-डंडे और स्टील की रॉड से हमला किया। इस हमले में पिता-पुत्र दोनों घायल हुए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मंगलवार को 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जेवर पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ किया गिरफ्तार

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**



**ग्रेटर नोएडा।** थाना जेवर पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त प्रवीन ठाकुर पुत्र राजकुमार सिंह निवासी जफरगढ़ रोड कस्बा जहांगीरपुर थाना जेवर गौतमबुद्धनगर को जहांगीरपुर-हसनपुर रोड से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## विदेशी एथलीटों के साथ दौड़ेंगी ग्रेनो की बेटियां

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की तीन महिला एथलीट अंडर-19 आयु वर्ग में सीबीएसई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विदेशी धावकों के साथ दौड़ लगाती हुईं नजर आएंगी। जहां वे सात विदेशी धावकों के साथ ट्रैक साझा करेंगी। उनका चयन सीबीएसई क्लस्टर अंडर-19 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। प्रतियोगिता में उन्होंने दो स्वर्ण समेत चार पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। तीनों एथलीटों का अकादमी पहुंचने पर सम्मानित किया गया। इसमें नॉर्थ जोन के कई स्कूलों से 750 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की ओर से सैफई के मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट स्टेडियम में 28 से 31 अगस्त तक अंडर-19 आयु वर्ग में सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इसमें ग्रेटर नोएडा के सेक्टर जीटा-एक स्थित पूर्वांचल हाइट्स सोसाइटी निवासी काजल सिघाग ने 100 मीटर व 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया।

## बोटेनिकल गार्डेन बस स्टैंड को मॉडल बनाने की योजना

**नोएडा।** सेक्टर-38 ए बोटेनिकल गार्डेन बस स्टैंड को मॉडल बनाने की योजना को अंतिम रूप नोएडा प्राधिकरण ने दे दिया है। यहां पर 26 बस स्टैंड की पार्किंग ऊपर डिजाइन शेड व प्लेटफार्म के साथ बनाई जाएगी। इसके साथ ही यात्री प्रतीक्षालय, ऑटो स्टैंड, 8 कियोस्क और पुलिस चौकी भी बनेगी। पूरी परियोजना में करीब 20 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। इसके लिए प्राधिकरण जल्द ही टेंडर जारी करेगा। प्राधिकरण के मुताबिक, यहां पर 26 ई-बसों के लिए प्लेटफार्म बनवाए जाएंगे। इसके साथ ही छह चार्जिंग प्वाइंट भी बनेंगे। बस स्टैंड परिसर के अंदर टिकट काउंटर व यात्रियों की जरूरत की चीजों के लिए आठ कियोस्क, टिकट काउंटर व पुलिस चौकी बनेगी। परिसर की बाउंड्रीवॉल के बाहर ऑटो स्टैंड बनेगा। अभी महामाया फ्लाईओवर की तरफ से आने पर ऑटो का जमावड़ा मास्टर प्लान रोड-3 पर और सेक्टर-38 अंडरपास के कोने पर दिखता है। इसके साथ ही सेक्टर-37 अंडरपास कोने पर भी ऑटो व ई-रिक्शा की भीड़ रहती है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 500 सिटी बसों का संचालन शुरू होना है।

## जिला जज ने किया जेवर आउटलाइन कोर्ट का निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा।** जिला जज गौतमबुद्धनगर मलखान सिंह ने मंगलवार को जेवर आउटलाइन कोर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट भी उनके साथ मौजूद रहे। कोर्ट पहुंचने पर बार एसोसिएशन जेवर के अध्यक्ष सुदेश छोकर और सचिव कपिल शर्मा ने यहां की समस्याओं से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने आउटलाइन कोर्ट कैंपस की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने देखा कि कोर्ट बिल्डिंग का रखरखाव और मेंटेनेंस न होने की वजह से भवन धीरे-धीरे खराब स्थिति में पहुंच रहा है। इस मौके पर बार एसोसिएशन द्वारा जिला जज को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि आउटलाइन कोर्ट में एपीओ की नियुक्ति न होने से वादों की गवाही रुक गई है। जिसके चलते केस पेंडेंसी लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा अधिवक्ताओं ने चैंबर निर्माण, शौचालय की सुविधा, पेयजल व्यवस्था, कोर्ट परिसर के सौंदर्यीकरण और हाइवे से कोर्ट तक सड़क कनेक्टिविटी की भी मांग की। जिला जज मलखान सिंह ने बार एसोसिएशन की सभी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 03 सितंबर 2025
Www.vishalindia.in

# निचले इलाकों का निरीक्षण कर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने दिए राहत कार्यों के निर्देश

**पीलीभीत।** लगातार हो रही बारिश से शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। मंगलवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पालिका कर्मचारियों को तत्काल जल निकासी दुरुस्त करने और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। गोदावरी स्टेट कॉलोनी में निरीक्षण के दौरान डॉ. आस्था अग्रवाल ने खुद पंजी लेकर नालों की रुकावट की स्थिति की जांच की।



उन्होंने बताया कि नाले खुले हैं लेकिन खाखरा और देव नदी का जलस्तर बढ़ जाने से पानी का निकास बाधित हो रहा है। जैसे ही नदी का स्तर कम होगा, पानी स्वत: क्रॉस होकर निकल जाएगा।पालिका अध्यक्ष और भाजपा जिला अध्यक्ष ने तहसील सदर पहुंचकर बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बनाए जा रहे भोजन वितरण की व्यवस्था का भी जायजा लिया और उप जिलाधिकारी व तहसीलदार से जानकारी प्राप्त की।इससे पहले उन्होंने गोदावरी स्टेट कॉलोनी, जोशी टोला, सुभाष नगर, विनायक विहार और अवध नगर समेत कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राहत कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद पहुंचाई जाए। निरीक्षण के दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, विपिन राजू फौजी, जगन्नाथ प्यारे, नंदकिशोर कश्यप, अमन बाबू, देव प्रकाश, विपिन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।
साथ ही नगर पालिका के सफाई निरीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर तैनात रहे।

# स्कूलों के एमडीएम व्यवस्था की हुई जांच

## तहसीलदार, नायब तहसीलदार ने चखा मध्यान्ह भोजन

पूनम तिवारी विशाल इंडिया

**अंबेडकर नगर।** कुशल प्रशासनिक अधिकारी जिला अधिकारी अंबेडकर नगर अनुपम शुक्ला के दिशा निर्देशन एवं उप जिलाधिकारी भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह के निरंतर तथा लगातार पर्यवेक्षण के फल स्वरुप मंगलवार को तहसीलदार भीटी राज कपूर नायब तहसीलदार भीटी कौशलेंद्र मिश्र के द्वारा विकासखंड भीटी व कटेहरी के आधे दर्जन से अधिक विद्यालयों में पहुंचकर मध्यान भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई व बच्चों के साथ बैठकर भोजन करके तथा घंटे भर से



ज्यादा समय उनकी कक्षा में साथ समय बिता कर शिक्षा व्यवस्था और उसकी गुणवंता तथा छात्रों के अधिगम की जांच पड़ताल की एवं बच्चों से मिलकर उनकी समस्या को जाना।इस दौरान तहसीलदार भीटी राज कपूर के द्वारा प्राथमिक विद्यालय कटरिया बड़ागांव में भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई, भोजन मेन्यू के अनुसार बना था गुणवत्ता में कोई कमी नहीं पाई गई, इसी क्रम में तहसीलदार भीटी राज कपूर ने प्राथमिक विद्यालय बलई पुर का भी औचक निरीक्षण किया और मध्यान भोजन व्यवस्था तथा शिक्षण अधिगम को जांचा, तहसीलदार राज कपूर द्वारा बच्चों के साथ उनकी कक्षा में बैठकर उनसे उनकी रुचि के अनुसार प्रश्न पूछे गए और उनको मेहनत से पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित स्टाफ को भी मेहनत से बच्चों को पढ़ने के लिए निर्देशित किया गया और साफ सफाई समय से आने के लिए निर्देशित किया गया।
नायब तहसीलदार भीटी कौशलेंद्र मिश्र के द्वारा मिझौड़ा और सया प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया गया और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था तथा पठन-पाठन का जायजा लिया गया, प्राथमिक विद्यालय में 70 के सापेक्ष 65 बच्चे उपस्थित मिले।
उपस्थित स्टाफ को मेहनत से पढ़ने के लिए निर्देशित किया गया। लगातार औचक निरीक्षण पर्यवेक्षण से प्राथमिक शिक्षा जगत में सनसनी फैल गई है शिक्षक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने में जी जान से जुट गए हैं।

## चोरी की घटना में एक और आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल एक और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी, महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना महरौनी पर पंजीकृत मु0अ0स0- 355/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये 01 अभियुक्त अनुज राजा पुत्र बलवीर सिंह उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम नैनवारा थाना महरौनी जिला ललितपुर को असद्भावना मंच टीन शेट के नीचे बहद कस्बा महरौनी थाना महरौनी जिला ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार कर, आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये, माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह उ.नि. आजाद बाबू का. सचिन सैलानी पीआरडी निर्मल कुमार आदि शामिल रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से मौत पर परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

## बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सौंपा चार लाख का चेक, धनराशि खाते में ट्रांसफर कराई

**बरखेड़ा।** बीते रविवार को बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम आमखेड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से किसान जितेंद्र कुमार की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। परिजनों के लिए यह क्षण बेहद कठिन साबित हुआ। इसी क्रम में मंगलवार को बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज गांव पहुंचे और मृतक के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की।विधायक ने दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने परिजनों को शासन



की ओर से मिलने वाली सहायता राशि का चेक सौंपा। यह चार लाख रुपये की धनराशि सीधे परिजनों के बैंक खाते में ट्रांसफर कराई गई।
इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने परिजनों से संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं और सहयोग प्राथमिकता से उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि परिवार को किसी भी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े।
विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन सरकार और प्रशासन पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देकर उनके जीवन को संभालने का प्रयास करता है। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि ऐसे कठिन समय में सभी लोग मिलकर शोकाकुल परिवार का संबल बनें। इस मौके पर बरखेड़ा विधानसभा प्रवक्ता नंद महाराज के साथ हरिओम, प्रेम शंकर, युगल किशोर, राजेश कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## बरखेड़ा विधायक ने किया बाढ़ग्रस्त खेतों का निरीक्षण



**बरखेड़ा।** मंगलवार को बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिठौरा कलां एवं भूड़ा सरैन्दा के बीच हजारों बीघे फसल के पानी में डूबने की सूचना पर विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज मौके पर पहुंचे। उन्होंने खेतों में हुए जलभराव का जायजा लिया और किसानों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने कहा कि यदि फसल लंबे समय तक पानी में डूबी रही तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर जलजमाव को खत्म करने की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष महेश लोधी, मंडल महामंत्री दिनेश कोरी, रूपलाल, मथुराप्रसाद, भूपशंकर प्रधान सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विधायक ने प्रशासन से किसानों की स्थिति पर विशेष ध्यान देने और त्वरित राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की।

## साधन सहकारी समिति खडबाडिह यूरिया खाद की कालाबाजारी पर प्रभारी सचिव के खिलाफ एफआईआर

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

**गाजीपुर।** यूरिया खाद की कथित कालाबाजारी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर जब अधिकारियों ने खड़वाडीह स्थित बहु-उद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति के गोदाम की जांच की, तो वहां 24 बोरी यूरिया कम मिली। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार, 30 अगस्त को शाम 5:30 बजे ग्रामीणों ने यूरिया की कालाबाजारी की सूचना दी। इस पर अपर जिला सहकारी अधिकारी निरंकार मौर्य रात 9: 32 बजे मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि पीसीएफ गाजीपुर से चालान संख्या 184/8 के तहत भेजी गई 250 बोरी यूरिया में से केवल 226 बोरी ही गोदाम में मौजूद थीं। गोदाम के प्रभारी सचिव मोहम्मद साबिर की जिम्मेदारी में यह यूरिया रखी गई थी। स्टॉक में 24 बोरी कम पाए जाने पर गोदाम को सील कर दिया गया और सभापति खड़वाडीह को इसकी जिम्मेदारी सौंप दी गई। अधिकारियों ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रभारी सचिव मोहम्मद साबिर के खिलाफ थाना शादियाबाद में मुकदमा दर्ज कराया है।

## पिस्टल दिखाकर छात्र से 1.40 लाख ऐंठे

**लखनऊ।** लखनऊ में एक इंटर कॉलेज के 10वीं के छात्र को उसका सीनियर ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़ित छात्र ने आरोप लगाया है कि उसके सीनियर ने उसे नशा करवाया। इस दौरान वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। अब वह उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देता है। उसे पिस्टल दिखाकर 1 लाख 40 हजार रुपए ऐंठ लिए। घर से 45 ग्राम तक के सोने जेवर मंगाकर हड़प लिए। मामला गोमतीनगर के मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज का है। उसके साथ गलत होने की जानकारी तब हुई जब पीड़ित छात्र रजत सिंह की मां के जेवर गायब हो गए। जब मां ने रजत से पूछताछ की तो वह घबरा गया और पूरी आपबीती सुनाई। रजत ने बताया कि स्कूल के ही 12वीं कक्षा के छात्र साहिल सिन्हा, पिता उपवन सिन्हा, ने पहले दोस्ती की और फिर अपने अन्य साथियों अभिषेक बादव, अरमान सिद्दीकी, आकर्ष, युवराज आदि की मदद से उसे धीरे-धीरे अपने जाल में फंसा लिया। इन लोगों ने रजत को हुक्का बार ले जाकर नशा करवाया और उसका वीडियो बनाया।

## भूनी टोल प्लाजा तोड़फोड़ मामले में 180 पर मुकदमा

**मेरठ।** मेरठ में 17 अगस्त की रात मेरठ-करनाल हाईवे के भूनी टोल प्लाजा पर सेना के जवान को कर्मियों ने पीटा। फिर 18 अगस्त को नाराज लोगों ने टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ कर दी। अब मेरठ के सरुरपुर थाने में उस वक्त टोल प्लाजा का संचालन करने वाली कंपनी धर्मसिंह एंड संस के आईटी हेड की ओर से 180 लोगों पर मुकदमा कराया गया है। तहरीर के अनुसार, भीड़ ने बैरियर बूम, कैमरे, कंप्यूटर सिस्टम, एलसीडी डिस्प्ले, रीडिंग सेंसर और बूथों को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद कंट्रोल रूम में घुसकर कैमरे, एसी, फर्नीचर और अन्य उपकरण तोड़ डाले। रोड जाम से राजस्व का भारी नुकसान हुआ। इस दौरान टोल प्लाजा को जबरन फ्री करा दिया गया। तोड़फोड़ करीब छह घंटे तक चली, जिससे राजस्व की भारी क्षति हुई और यात्रियों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके आधार पर पुलिस ने 150 से 180 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस घटना वाले दिन के सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है।

## कानपुर में एक फंदे पर लटके पति-पत्नी

**कानपुर।** कानपुर में पति-पत्नी ने एक दुपट्टे से लटककर सुसाइड कर लिया। बहन ने बताया कि भाई-भाभी बाजार से लौटे और अपने कमरे में चले गए। करीब 3 घंटे बाद मैंने उन्हें दरवाजे की चौखट से एक ही दुपट्टे से फंदा लगाकर लटकते देखा। इसके बाद लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे और आसपास के इलाके को सील कर दिया। दोनों की लाश को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। करीब ढाई महीने पहले की दोनों की शादी हुई थी। दोनों ने एक साथ सुसाइड क्यों किया, अभी तक यह साफ नहीं हो सका है। मामला नौबस्ता थाना क्षेत्र का है। मछरिया इलाके में रहने वाला मोहम्मद साजिद (22) ऑटो चालक था। मंगलवार को उसने अपनी पत्नी सूफिया (20) के साथ कमरे के अंदर सुसाइड कर लिया। बहन सबा ने बताया- भाई साजिद दोपहर करीब 12 बजे भाभी के साथ बाजार गए थे। वो दोनों काफी खुश थे। इसके बाद दोपहर ढाई बजे करीब दोनों घर पर आए। हम लोगों से अच्छे से बातचीत की। फिर दोनों अपने कमरे में चले गए। शाम करीब 5 बजे जब हम चाय पीने के लिए बुलाने गए। तो दोनों का शव कमरे के दरवाजे की चौखट से लटक रहा था। दोनों ने एक दुपट्टे से फांसी लगा ली थी। इसके बाद मैंने शोर मचाकर घरवालों और मोहल्लेवालों को बुलाया। इसके बाद पुलिस भी घर आई।

# बरखेड़ा ब्लॉक में विकास कार्यों को मिले गति, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

## कमलेश कुमार गंगवार की मांग पर ब्लॉक सभागार का होगा विस्तारीकरण, पिपरिया मंडन में बनेगा कन्या इंटर कॉलेज

**बरखेड़ा।** विकास खंड बरखेड़ा में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम पहल हुई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने बरखेड़ा विकास खंड सभागार के विस्तारीकरण और ग्राम पिपरिया मंडन में कन्या इंटर कॉलेज के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कराते हुए शीघ्र कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। कमलेश कुमार गंगवार



ने बताया कि बरखेड़ा ब्लॉक में कुल 85 ग्राम पंचायत और 89 क्षेत्र पंचायतें हैं। सभागार की वर्तमान क्षमता सीमित होने से ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बैठकों में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान हेतु सभागार के विस्तारीकरण की मांग मुख्यमंत्री से की गई थी।
साथ ही, उन्होंने पिपरिया मंडन में कन्या इंटर कॉलेज के निर्माण की मांग रखी। उनका कहना है कि आसपास के गांवों की बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें असुविधा झेलनी पड़ती है। कॉलेज बनने से क्षेत्र की बेटियों को शिक्षा में सहजता मिलेगी और उनकी पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सकेगी।
कमलेश कुमार गंगवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन दोनों विकास कार्यों के पूर्ण होने से बरखेड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों और छात्राओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# छात्रा के पिता को स्कूल में बंदकर पीटा, जबड़ा फटा

**सहारनपुर।** सहारनपुर में छात्रा के पिता को स्कूल में बंद कर लात-घूसों से पीटा गया। इससे उनका जबड़ा फट गया। मुंह से खून निकलने लगा। पत्नी और बेटी ने प्रिंसिपल को पकड़ा तो उनके साथ भी अभद्रता की। छात्रा के परिजनों के मुताबिक, स्कूल का एक लड़का बेटी से छेड़छाड़ करता है। हम लोग इसकी शिकायत करने पहुंचे थे। यहां प्रिंसिपल ने अभद्रता की। उन्होंने बाहर से कुछ लोगों को बुला लिया। फिर कमरे में बंद कर मारपीट की। वहीं, प्रिंसिपल का कहना है कि छात्र को स्कूल से निष्कासित कर दिया गया है। हमने छात्रा के गलत व्यवहार की जानकारी उसके घर वालों को दी थी। इस पर चार-पांच लोग आकर मारपीट करने लगे। प्रिंसिपल की पत्नी का कहना है, छात्रा के घरवालों ने स्कूल में आकर मेरे पति पर हमला कर दिया। मैंने बचाने की कोशिश की तो मेरे कपड़े फाड़ दिए। छात्रा के घायल पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# काशी में मुस्लिम महिला से बैड टच, फिर धमकाया, 2 युवक गिरफ्तार

**वाराणसी।** वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के तिलभांडेश्वर इलाके में महिला से तीन दिन पहले बैड टच, फिर दो युवकों द्वारा गाली गलौज करने का वीडियो सामने आने के बाद सीपी ने सख्ती दिखाई है। सीपी ने सोमवार रात इस मामले में लापरवाही पर चौकी इंचार्ज रेवड़ी तालाब शैलेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। थाना प्रभारी भेलूपुर के अनुसार महिला से बैड टच करने वाला युवक को हिरासत में लिया गया था। उसके साथियों ने महिला को रोककर उससे अभद्रता और गाली-गलौज की थी जिसका वीडियो सामने आया था। इस आधार पर आरोपियों की शिनाख्त करते हुए दानिश और आलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल एसआई शिवम श्रीवास्तव को रेवड़ी तालाब की जिम्मेदारी दी गयी है।

# बाढ़ प्रभावितों को राहत, एसडीएम व विधायक पुत्र ने बांटे फूड पैकेट

**पूरनपुर।** लगातार बारिश के चलते बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक स्तर पर राहत कार्य तेजी से जारी है। मंगलवार को उप जिलाधिकारी पूरनपुर स्वयं टीम के साथ राहत वितरण अभियान में पहुंचे।
उन्होंने ग्राम भरा पचपेड़ा में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को फूड पैकेट वितरित किए और लोगों की समस्याएं भी सुनीं।
एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है।



उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी परिवार को भोजन या आवश्यक सामग्री की कमी न होने पाए।इसी दौरान विधायक बाबूराम पासवान के पुत्र ऋतुराज पासवान भी राहत कार्य में शामिल हुए। उन्होंने एसडीएम के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों को भोजन वितरित किया और बाढ़ क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। ऋतुराज ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं और किसी भी परिवार को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा।
ग्रामीणों ने प्रशासनिक प्रयासों और राहत सामग्री वितरण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी और राहत कार्य जारी है।

# साइबर ठगी से बचाव को लेकर पुलिस ने छात्र छात्राओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए बार पुलिस ने मंगलवार को ऋषिराज इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए और जागरूकता अभियान चलाया। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करें या NCCRP पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें या साइबर क्राइम की वेबसाइट www.cybercrime.gov.in, या स्थानीय पुलिस को अविलंब सूचित करने के प्रति किया गया जागरूक। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में थाना बार पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत ऋषिराज इण्टर कालेज, ग्राम सेमरा बुजुर्ग में छात्र/छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव हेतु जागरूक किया गया । साइबर अपराध से बचने के लिये क्या करें । बिना देखे व अनजान व्यक्ति को फोन पर उसकी बातो में आकर किसी प्रकार का कोई पैसा नही डालें । किसी भी अज्ञात नं0 से क्रेडिट



होने का टैक्स्ट मैसेज के आधार पर यकीन नही करें । तत्काल अपना बैंक बैलेस चेक करें तथा मैसेज के आधार पर किसी भी व्यक्ति को पैसे ना डालें । ATM Swapping से बचें । एटीएम से पैसे Withdraw करते समय किसी भी अनजान व्यक्ति को एटीएम में प्रवेश न करने दें । किसी भी अनजान व्यक्ति को हाटस्पाट शेयर न करें क्योकि अपराधी उसका दुर्पयोग कर सकता है । किसी भी अज्ञात मो0नं0 से व्हाट्सअप या अन्य किसी सोशल मीडिया पर विडियो काल रिसीव न करें । अगर रिसीव करना जरूरी है तो अपने कैमरे को ढककर रिसीव करें जिससे आप की चेहरा इस्तेमाल करते हुए Deep Fake फोटो/विडियो न बन सके । फेसबुक या अन्य किसी सोशल मीडिया पर जरूरत से ज्यादा आई डी न बनायें ।
अगर किसी भी सोशल मीडिया पर आई डी बनी हो जिसे इस्तेमाल नही करते हो तो उसे डिलीट या डिएक्टीवेट कर दें । फेसबुक पर किसी अज्ञात व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट असेप्ट न करें । किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक नही करें । Telegram या अन्य किसी सोशल मीडिया पर मिलने वाले टास्क या किसी पैसा डबल करने वाले लालच में आकर पैसा न डालें ।

# बाल वाटिकाओं में नौनिहालों ने बिखेरी छटा, बीइओ ने दुलारते हुए बढ़ाया उत्साह

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अम्बेडकरनगर।** शिक्षक दिवस के पूर्व शिक्षा क्षेत्र कटेहरी में बाल वाटिकाओं में विविध गतिविधियों के आयोजन की हुई शुरुआत।शिक्षा क्षेत्र कटहरी अंतर्गत अवस्थित विभिन्न बालवाटिकाओं में विद्यालय प्रबंध समिति, माता समूह, अभिभावक एवं स्थानीय समुदाय के लोगों की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। मॉडल बालवाटिका कटेहरी द्वितीय, बालवाटिका नशेड़ी, बालवाटिका आशाजीतपुर अहिरान एवं बालवाटिका कौडहा में बच्चों ने उत्साहपूर्वक अनेक गतिविधियों में प्रतिभाग किया।इन गतिविधियों में कविता पाठ, कहानी रोलप्ले, बच्चों द्वारा आत्म-परिचय, महान व्यक्तियों से संबंधित नारे लगाना, आवाज पहचानने की गतिविधि तथा अच्छी आदतों के प्रदर्शन से जुड़ी प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कटेहरी प्रिया पाठक तथा बाल विकास परियोजना





अधिकारी कटेहरी द्वारा विद्यालयों का भ्रमण किया गया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रिया पाठक ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों में नैतिक एवं सामाजिक गुणों का विकास होता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। उल्लेखनीय है कि शिक्षक दिवस से पूर्व तीन दिवस तक शिक्षा क्षेत्र की सभी बालवाटिकाओं में इन गतिविधियों को एक विशेष कार्यक्रम के रूप में संचालित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर सड़क हादसे में घायल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क शहर के पूर्व मेयर रूडी गिउलिआनी न्यू हैम्पशायर में एक कार दुर्घटना में घायल हो गए हैं। उनके प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि इस हादसे में गिउलिआनी की रीढ़की हड्डी में फ्रैक्चर हुआ है और उन्हें अन्य चोटें भी आई हैं। न्यू हैम्पशायर पुलिस ने एक बयान में बताया कि गिउलिआनी एक किराए की फोर्ड ब्रॉन्को कार में सवार थे, जिसे उनके प्रवक्ता टेड गुडमैन चला रहे थे। शनिवार देर रात उनकी गाड़ी को पीछे से एक होंडा एचआर-वी ने टक्कर मार दी। यह कार 19 साल की एक महिला चला रही थी। पुलिस अधिकारियों ने खुद इस हादसे को होते हुए देखा। टक्कर के बाद दोनों वाहन राजमार्ग के बीच बने डिवाइडर से टकराए और काफी क्षतिग्रस्त हो गए। गुडमैन और कार चलाने वाली युवती को हल्की चोटें आई हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### अल्बनीज ने भारतीयों के खिलाफ अभियान किया खारिज

**कैनेबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों के बढ़ते प्रवास के खिलाफ देश के विभिन्न शहरों में चलाए जा रहे अभियानों की सरकार ने निंदा करते हुए उन्हें अस्वीकार कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने कहा कि इस नस्लवाद व जाति आधारित अति-दक्षिणपंथी सक्रियता के लिए देश में कोई जगह नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की सरकार सप्ताहांत के लिए नियोजित इन रैलियों के खिलाफ है। सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, हमारे समुदाय में सुरक्षित व स्वागतयोग्य महसूस करने का अधिकार है।

### हमास ने सिनवार के मारे जाने की पुष्टि की, हद्दाद संभालेगा कमान

**गाजा, एजेंसी।** फलस्तीनी समूह हमास ने तीन महीने बाद शनिवार को अपने सैन्य प्रमुख मोहम्मद सिनवार के मारे जाने की पुष्टि की है। इस्राइली सेना ने मई में ही मोहम्मद सिनवार को मार गिराने का दावा किया था। मोहम्मद सिनवार की मौत की पुष्टि के बाद अब उसका करीबी सहयोगी इज अल-दिन हद्दाद संगठन की कमान संभालेगा। हद्दा अब तक उत्तरी गाजा में हमास का अभियान संभाल रहा था। हमास ने सिनवार की तस्वीर समूह के अन्य नेताओं के साथ प्रकाशित की है और सभी को शहीद बताया है। मोहम्मद सिनवार इस्लामिक समूह के प्रमुख याह्या सिनवार का छोटा भाई था। इस्राइल याह्या सिनवार को सात अक्तूबर, 2023 के हमले का मास्टरमाइंड मानता है। याह्या पिछले साल एक लड़ाई में मारा गया था। भाई की मौत के बाद मोहम्मद सिनवार समूह के शीर्ष पद पर पहुंचा था।

### रूसी वाणिज्य दूतावास के गेट से टकराया वाहन, व्यक्ति गिरफ्तार

**टोक्यो, एजेंसी।** रूस के वाणिज्य दूतावास के गेट पर वाहन से टक्कर मारने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह आठ बजे पूर्वी उपनगर वूलाहरा में वाणिज्य दूतावास की पार्किंग पर एक बिना अनुमति वाला वाहन खड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस ने चालक से बात करने की कोशिश की लेकिन, उसने टोयोटा क्लूगर वाहन से गेट पर टक्कर मार दी। इस घटना में दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए और उनका उपचार किया गया। एसयूवी दूतावास में राष्ट्रीय ध्वज लगाने के खंभे पर रुकी। आरोपी व्यक्ति (39 वर्षीय) को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ किन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है, पुलिस ने इसकी जानकारी नहीं दी है। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में स्थित रूसी दूतावास ने टिप्पणी के लिए अनुरोध का जवाब नहीं दिया।

# अफगानिस्तान में भूकंप से भारी तबाही, मृतकों की तादाद बढ़कर हुई 250 के पार, 500 से ज्यादा घायल

**काबुल, एजेंसी।** पड़ोसी देश अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में रविवार की देर रात आए भूकंप में कम से कम 250 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। अफगानिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने सोमवार को यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार प्रांतीय आपदा प्राधिकरण ने मृतकों और घायलों की संख्या की पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या प्रारंभिक है, बचाव दल सीमित संचार व्यवस्था के साथ दूरदराज के इलाकों में पहुँच रहे हैं।





आधिकारिक मीडिया ने बताया कि नुकसान का पूरा आंकलन करने और प्रभावित समुदायों को सहायता प्रदान करने के प्रयास जारी हैं। अफ़ग़ानिस्तान राष्ट्रीय रेडियो और टीवी ने पहले पूर्वी नंगरहार प्रांत में नौ लोगों की मौत और 20 लोगों के घायल होने की सूचना दी थी। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गई, जो शक्तिशाली श्रेणी में आता है। भूकंप इतना तीव्र था कि इसके झटके पूरे पाकिस्तान और दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किए गए। झटके महसूस होते ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर आ गए। एनसीआर वासियों ने बताया कि देर रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इमारतें हिल गईं, और लोग बाहर भाग निकले।

### भूकंप का केंद्र कहां था?

यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के जलालाबाद से 27 किसोमीटर पूर्व-उत्तर पूर्व में 8 किलोमीटर की गहराई में था। भारतीय समयानुसार भूकंप के झटके रात 12.47 बजे महसूस किए गए। इसके करीब 20 मिनट बाद भूकंप का एक और झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 4.5 मापी गई। इसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था।

### हिमालय के नीचे टकरा रहीं दो प्लेटें

बता दें कि हाल के वर्षों में अफ़ग़ानिस्तान और उसके पड़ोसी हिमालयी क्षेत्र में भूकंपीय गतिविधियों में चिंताजनक बढ़ोत्तरी देखी गई है। यह ताजा झटका इस क्षेत्र के अंदर हो रहे भूवैज्ञानिक हलचल की एक और याद दिलाता है। वैज्ञानिक इन लगातार झटकों को भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेटों के धीमे लेकिन लगातार टकराव से जोड़ते रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, हिमालय के नीचे धरती के अंदर दो प्लेटें, जिसने लाखों वर्षों पहले हिमालय को आकार दिया है, वे आज भी इस भूभाग को अस्थिर कर रहे हैं।

### 2023 में 4 हजार लोग मारे गए थे

इससे पहले अफगानिस्तान में 7 अक्टूबर 2023 को विनाशकारी भूकंप आया था। तालिबान सरकार ने इस भूकंप में 4 हजार मौतों का दावा किया था, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने 1500 मौतों की पुष्टि की थी। वहीं 2022 में पूर्वी अफगानिस्तान में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें लगभग 1,000 लोग मारे गए थे और हजारों लोग घायल हुए थे। अफगानिस्तान में ताकतवर भूकंपों का इतिहास रहा है। भूकंप के लिहाज से हिंदूकुश पर्वतमाला एक्टिव माना जाती है, जहां हर साल भूकंप आते हैं। अफगानिस्तान, भारत और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट्स के बीच में स्थित है। ये फॉल्ट लाइन अफगानिस्तान के हेरात तक जाती है। प्लेट्स में हलचल होने पर भूकंप आता है।

### भूकंप क्यों आता है?

हमारी धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं। ऐसे में नीचे से निकली ऊर्जा बाहर की ओर निकलने का रास्ता खोजती है और इस डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

# इंडोनेशिया में सांसदों की सैलरी बढ़ने पर प्रदर्शन, संसद जलाई

## डिलीवरी बॉय की मौत से और बिगड़े हालात, राष्ट्रपति प्रबोवो का चीन दौरा रद्द

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता समेत देश के कई हिस्सों में सांसदों की तनख्वाह बढ़ाने के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन तेज हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार रात मकासर शहर की क्षेत्रीय संसद में आग लगा दी। हाल ही में इंडोनेशियाई पुलिस के वाहन ने मोटरसाइकिल से जा रहे डिलीवरी बॉय को कुचल दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद हालात और ज्यादा बिगड़ गए। उग्र प्रदर्शनों को देखते हुए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने शनिवार को अपनी चीन यात्रा रद्द कर दी। उन्हें 3 सितंबर को चीन में विक्ट्री डे समारोह में जाना था, जो सेकेंड वर्ल्ड वॉर खत्म होने की 80वीं सालगिरह पर आयोजित होता है।



प्रबोवो के प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति देश की हालात पर खुद नजर रखना चाहते हैं और इन हालातों को बेहतर तरीके से मैनेज करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने चीन सरकार से माफी मांगी कि वे उनके बुलावे पर नहीं जा पाएंगे।

**ड्राइवर की मौत के मामले में 7 लोग हिरासत में :** इन हिंसक विरोध-प्रदर्शन में अब तक 3 लोगों की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए। लोगों ने सरकारी अधिकारियों और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के खिलाफ प्रदर्शन तेज कर दिया है। ड्राइवर की मौत के मामले में 7 अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। इन प्रदर्शनों में 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने मामले की जांच के आदेश दिए और मृत ड्राइवर के परिवार से मुलाकात की।

**प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग...**आर्थिक मदद- लोग चाहते हैं कि सरकार आउटसोर्सिंग बंद करे, सैलरी बढ़ाए, नौकरियों में कटौती रोके और टैक्स नियमों में सुधार करे। इंडोनेशिया में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है, जिससे आम लोगों का जीवन मुश्किल हो गया है।


सांसदों का भत्ता- सांसदों के लिए 3,057 डॉलर (2.69 लाख रुपए) का मासिक भत्ता तय किया गया था। यह जकार्ता के न्यूनतम वेतन से 10 गुना ज्यादा है। इससे लोगों का गुस्सा भड़क गया।

पुलिस पर कार्रवाई- डिलीवरी बॉय की मौत के बाद लोग में पुलिस के खिलाफ गुस्सा है। वे पुलिस डिपार्टमेंट के हेड को हटाने और पुलिस में सुधार की मांग कर रहे हैं।

**पुलिस पर मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप :** इंडोनेशिया की कानूनी सहायता संस्था (वाईएलबीएचआई) ने पुलिस की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। वाईएलबीएचआई के मुताबिक, जकार्ता में 600 से ज्यादा छात्रों को हिरासत में लिया गया, जिनमें से कई को बिना किसी आरोप के थानों में रखा गया। संगठन ने पुलिस पर क्रूरता और मानवाधिकार उल्लंघन का आरोप लगाया है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस ने न सिर्फ रबर की गोलियां चलाईं, बल्कि कुछ जगह गोला-बारूद का भी इस्तेमाल किया।

# 'अपने जीवन में इससे अच्छा कभी महसूस नहीं किया' सेहत को लेकर जारी अटकलों के बीच ट्रंप का पोस्ट

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गिरती सेहत को लेकर इन दिनों खूब चर्चा है। सोशल मीडिया पर तो ट्रंप की स्वास्थ्य को लेकर काफी कुछ लिखा जा रहा है। इस बीच ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा कि अपने जीवन में कभी इससे बेहतर महसूस नहीं किया।



### ट्रंप को लेकर सोशल मीडिया पर चला ट्रेंड- ट्रंप इज डेड

दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप की कुछ तस्वीरें सामने आई, जिनमें ट्रंप के हाथ पर कुछ निशान दिखाई दे रहे थे, जो चोट जैसे लग रहे थे। इसके बाद सोशल मीडिया पर ट्रंप के स्वास्थ्य को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ी कि सोशल मीडिया पर ट्रंप इज डेड ट्रेंड करने लगा। हालांकि अफवाहों के बाद व्हाइट हाउस को बयान जारी करना पड़ा और उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति नसों से संबंधित एक बीमारी से पीड़ित हैं और हाथों पर दिखाई दिए निशान भी उसी से संबंधित थे।

**जेडी वेंस के बयान के बाद बढ़ गई थी कयासबाजी :** यह भी दिलचस्प है कि दो दिन पहले एक साक्षात्कार में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक बयान में यह कह कर सनसनी मचा दी थी कि किसी भयावह त्रासदी या आपात स्थिति में वे खुद राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं। हालांकि, वेंस ने इस बात को भी स्पष्ट किया था कि राष्ट्रपति ट्रंप की सेहत को लेकर अटकलें बेबुनियाद हैं और उनका स्वास्थ्य बहुत अच्छा है।

### ट्रंप ने अपनी सेहत को लेकर चल रही अफवाहों पर दी ये प्रतिक्रिया

ट्रंप की सेहत को लेकर चल रही अफवाहों के बीच ट्रंप समर्थक डीसी ड्रेनो ने एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि %जो बाइडन कई-कई दिन सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखते थे, लेकिन मीडिया कहता था कि वे तेज और अपने खेल में माहिर हैं। जबकि वे डायपर पहने और झपकी लेते रहते थे। राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी इतिहास में किसी भी अन्य राष्ट्रपति की तुलना में सार्वजनिक कार्यों में अधिक समय बिताते हैं और अगर वे 24 घंटे के लिए गायब हो जाते हैं तो मीडिया भड़क उठता है। यह हास्यास्पद और दोहरा मापदंड है।% इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्रंप ने लिखा कि %मैंने कभी भी अपने जीवन में इससे बेहतर महसूस नहीं किया।%

### नेपाल में किडनी रैकेट का भंडाफोड़

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल पुलिस ने किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने सरगना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। नेपाल पुलिस के मानव तस्करी निरोधक ब्यूरो ने बताया कि गिरोह के सरगना 38 वर्षीय श्याम कृष्ण भंडारी और उसके साथी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि तीन अन्य को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तार किए गए सभी लोग नेपाली हैं। भंडारी पिछले पांच साल से किडनी रैकेट में शामिल था। उसने नेपाल के विभिन्न ग्रामीण इलाकों से लगभग 100 नेपाली नागरिकों को दिल्ली भेजा था, जहां उनकी किडनी निकालकर कुछ निजी क्लीनिकों में प्रत्यारोपित की गई थी। पुलिस ने भंडारी और उसके साथी सुजान भारती को बीरगंज में नेपाल-भारत सीमा से गिरफ्तार किया। इस समूह ने नेपाली नागरिकों को किडनी के बदले 6 लाख नेपाली रुपये देने का वादा किया था। हालांकि, उन्हें उनसे केवल 40,000 नेपाली रुपये ही मिले। भंडारी दिल्ली में अपने अवैध किडनी रैकेट को चलाने के लिए भारतीय आधार कार्ड का इस्तेमाल कर रहा था।

### चीन दौरे से पहले किम जोंग उन ने नए मिसाइल कारखाने का निरीक्षण किया

#### माना जाता है कि किम जोंग उन ने यूक्रेन पर हमले में पुतिन को काफी सैन्य समर्थन दिया है

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए हथियार कारखाने का निरीक्षण किया। मिसाइलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की योजना के लिए यह कारखाना बेहद महत्वपूर्ण है। यह निरीक्षण उन्होंने चीन रवाना होने से पहले सप्ताहांत में किया। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने यह नहीं बताया कि यह कारखाना कहां है, लेकिन माना जा रहा है कि यह चीन से सटे जगांग प्रांत में स्थित हो सकता है, जो देश के हथियार उद्योग का मुख्य केंद्र है।

पिछले हफ्ते चीन और उत्तर कोरिया दोनों ने पुष्टि की थी कि किम जोंग उन छह साल बाद पहली बार चीन यात्रा पर जाएंगे। वह बीजिंग में होने वाले सैन्य परेड में भाग लेंगे, जो द्वितीय विश्व युद्ध के अंत और जापानी आक्रमण के खिलाफ चीन की लड़ाई की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित हो रही है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ओर से इस समारोह में कुल 26 विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया गया है, जिनमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हैं। माना जाता है कि किम जोंग उन ने यूक्रेन पर हमले में पुतिन को काफी सैन्य समर्थन दिया है। इस कार्यक्रम को अमेरिका के खिलाफ चीन, रूस और उत्तर कोरिया के एकजुट मोर्चे के रूप में देखा जा रहा है, खासकर जब अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ अपनी सुरक्षा साझेदारी मजबूत कर रहा है। दक्षिण कोरियाई मीडिया का कहना है कि किम सोमवार को ट्रेन से चीन के लिए रवाना हो सकते हैं, क्योंकि चीन की सीमा पर स्थित दांडोंग शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, रेल सेवाएं रोकी गई हैं और होटलों ने विदेशी मेहमानों को ठहराना बंद कर दिया है।

### सिंगापुर : पीएम वोंग ने 300 लोगों को सौंपे नागरिका प्रमाणपत्र

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने नए नागरिकों से कहा कि वे देश की जनता के साथ मिलकर समाज के कामों में हिस्सा लें और देश की भलाई में मदद करें। प्रधानमंत्री वोंग ने कहा कि नए नागरिक अपने पड़ोसियों को जानकर और विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों से जुड़कर भी समाज में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने यह बात रविवार को आयोजित राष्ट्रीय नागरिकता समारोह के दौरान कही।

इस समारोह में 300 नए नागरिकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे गए और उन्होंने सिंगापुर गणराज्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। साथ ही, उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे सिंगापुर के बाकि नागरिकों के साथ मिलकर साझा भविष्य का निर्माण करेंगे। स्थानीय जन्म दर एक प्रतिशत से भी कम होने के कारण सिंगापुर में श्रमिकों की कमी है। इसी वजह से वह हर साल करीब 22,000 नए नागरिकों को अपनाता है।

### यूक्रेनी सांसद एंड्री पारुबी की गोली मारकर हत्या, जेलेंस्की बोले- यह एक सोची-समझी साजिश

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के सांसद और संसद के पूर्व प्रमुख एंड्री पारुबी की ल्विव शहर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इसे सुनियोजित हमला बताया है। हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है और फरार अपराधी की तलाश जारी है। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हत्या को भयावह अपराध बताया। इसके बाद शोक जताते हुए उन्होंने इसे पूर्व नियोजित हत्या बताया। जेलेंस्की ने कहा कि ये एक सोची समझी साजिश है। हत्याकांड की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने के लिए सरकार सभी संसाधन झोंकेगी।वहीं पारुबी की हत्या के बाद यूरोपीय संसद अध्यक्ष रोबर्टा मेटसोला और पूर्व राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको ने भी गहरा दुख जताया। पोरोशेंको ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर नहीं, बल्कि सेना, भाषा और आस्था पर हमला है। एंड्री परुबी यूक्रेन के सच्चे सपूत थे। यह एक आतंकवादी हमला है और दोषियों को सज़ा मिलनी ही चाहिए। फिलहाल हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पारुबी को कई बार गोली मारी गई। इससे पहले कोई मदद या फिर आपातकालीन सेवाएं पहुंच पातीं, उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हमलावर शॉर्ट बैरल वाले हथियार से लैस था और वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी पूरी तरह से तैयार होकर हत्या के इरादे से आया था। 54 साल के पारुबी यूक्रेनी संसद के एक सक्रिय सदस्य थे और 2016 से 2019 तक संसद अध्यक्ष भी रहे। वे 2004 की ऑरेंज क्रांति और 2013-14 के माइडान आंदोलन में अहम भूमिका निभा चुके थे।

# ट्रम्प का जापान पर अमेरिकी चावल खरीदने का दबाव : नाराज जापानी डेलीगेशन ने दौरा रद्द किया

### भारत पर भी मांसाहारी दूध खरीदने का दबाव था



**टोक्यो, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जापान पर अमेरिकी चावल के लिए बाजार खोलने का दबाव बना रहे हैं। इस वजह से जापान के मुख्य वार्ताकार रयोसेई अकाजावा ने अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है। निक्केई एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अकाजावा 28 अगस्त को वॉशिंगटन डीसी का दौरा करने वाले थे, लेकिन ट्रम्प के अमेरिकी चावल खरीदने के दबाव के बाद उन्हें यह यात्रा रद्द करनी पड़ी। अमेरिका ने इसी तरह का दबाव भारत पर भी बनाया था। अमेरिका चाहता था कि भारत उनकी मांसाहारी गायों का दूध खरीदे। साथ ही उनके किसानों के लिए भारत अपना मार्केट ओपन करे। लेकिन भारत ने इससे साफ इनकार कर दिया था। इससे बाद अमेरिका ने भारत पर 25प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था, जो बाद में बढ़कर 50प्रतिशत तक पहुंच गया।

### अमेरिका-जापान को एक दूसरे पर भरोसा नहीं

एक्सपर्ट्स का मानना है कि जापान और अमेरिका की बातचीत में मुख्य समस्या एक-दूसरे पर भरोसा न करना है। अमेरिका चाहता है कि जापान अपने 550 अरब डॉलर के इन्वेस्टमेंट के वादे को लिखित समझौते में बदले। वहीं, जापान कह रहा है कि अगर उसे लिखित गारंटी चाहिए तो अमेरिका को भी यह लिखकर देना होगा कि जापानी ऑटो पर 15प्रतिशत टैरिफ तुरंत लागू नहीं होगा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से जापान और अमेरिका करीबी सहयोगी बने हुए हैं। 1951 में हुई सुरक्षा संधि के तहत अमेरिका जापान की रक्षा की जिम्मेदारी निभाता है, जबकि जापान एशिया में अमेरिकी रणनीतिक उपस्थिति का अहम हिस्सा है।

### अमेरिका से टैरिफ घटने की उम्मीद नहीं, इसलिए यात्रा रद्द

निक्की एशिया के मुताबिक अकाजावा चाहते थे कि उनकी यात्रा से अमेरिका से यह लिखित वादा मिल जाए कि जापानी उत्पादों पर टैरिफ घटेगा, लेकिन जब यह साफ हो गया कि ऐसा नहीं होगा, तो उन्होंने यात्रा रद्द कर दी। कई सरकारी अधिकारियों ने निक्केई एशिया से कहा कि ट्रम्प ने जापान पर दबाव डालकर पहले उससे टैरिफ कम कराया और फिर कृषि उत्पादों का आयात बढ़ाने की शर्त रखी। इसके बदले में जापान को उम्मीद थी कि अमेरिका ऑटोमोबाइल पर टैरिफ का बोझ कम करेगा, लेकिन ट्रम्प की तरफ से इसे लेकर कोई ठोस भरोसा नहीं मिला।

### जापान का कहना है कि अमेरिका का रवैया उसकी घरेलू नीतियों में हस्तक्षेप है

अकाजावा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अभी कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर अधिकारियों के स्तर पर और बातचीत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब तक वार्ता आगे बढ़ती रहेगी, वे अमेरिका की यात्रा टाल रहे हैं, लेकिन संभव है कि भविष्य में फिर से जाएं।

### दावा- जापान चावल कोटा में 75प्रतिशत बढ़ोतरी पर सहमति दे चुका है

रिपोर्ट के मुताबिक अगर जापान, अमेरिका से चावल की खरीद बढ़ाता है तो इससे उसके किसानों को नुकसान हो सकता है। इससे कृषि समुदाय नाराज भी हो सकता है। इस बीच व्हाइट हाउस ने दावा किया कि जापान ने जुलाई में ही अमेरिकी चावल के आयात कोटा में 75 प्रतिशत बढ़ोतरी पर सहमति दे दी थी। बाद में जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने साफ कहा कि उनका देश अमेरिकी दबाव में अपने किसानों के हितों का बलिदान नहीं करेगा।

# सूर्यकुमार यादव की नेट्स पर वापसी, एशिया कप के लिए शुरू की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव वापसी कर चुके हैं और हाल ही में नेट सत्र के दौरान शानदार लय में दिखे, जहां उन्हें गेंदबाजों की सहजता से धुनाई करते देखा गया। नाजुक स्वीप से लेकर शक्तिशाली लॉफ्टेड शॉट्स तक 34 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने विशिष्ट स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया जिससे उनकी बहुप्रतीक्षित वापसी से पहले उनकी तैयारी का संकेत मिलता है।

सूर्यकुमार ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया, फाइनल चैक।' भारत की टी20 कप्तानी संभालने के बाद से सूर्यकुमार ने 15 मैचों में 258 रन बनाए हैं। हाल के टी20 मैचों में उनके रनों की तुलना में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 में उनका प्रदर्शन असाधारण रहा। मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हुए वह सीजन के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, उन्होंने 16 मैचों (16 पारियों) में 65.18 की शानदार औसत और 167 से ज्यादा के धमाकेदार स्ट्राइक रेट से 717 रन बनाए। उन्होंने 5 अर्धशतक लगाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 73 रन रहा।'

इस साल जून में IPL के 18वें सीजन के समापन के कुछ हफ्ते बाद सूर्यकुमार ने पुष्टि की कि जर्मनी के म्यूनिख में उनकी स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी सफल रही। भारत लौटने के बाद उन्होंने COE में अपना पुनर्वास जारी रखा। वह 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप 2025 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारत अगले दिन यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारत अपने एशिया कप अभियान की मजबूत शुरुआत करने के लिए सूर्यकुमार के निडर रवैये पर भरोसा करेगा।



# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, कमिंस भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण मंगलवार को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर हो गए।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली एशेज श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए उनके रिहैबिलिटेशन की व्यवस्था की जा रही है। ऑस्ट्रेलिया एक अक्टूबर से न्यूजीलैंड के साथ तीन टी20 मैच खेलेगा। उसके बाद वह भारत के खिलाफ तीन वनडे (19-25 अक्टूबर) और पांच टी20 मैच (29 अक्टूबर से आठ नवंबर) खेलेगा।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, 'कमिंस को भारत (और न्यूजीलैंड) के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना जाएगा और वह इस बीच रिहैबिलिटेशन पर रहेंगे।'

# सुनील गावस्कर के 'विदेशी अपना देखें' बयान पर ब्रैड हैडन का पलटवार, श्रेयस अय्यर का नाम लेकर दिया ये जवाब



**मुम्बई (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के लिए जब टीम इंडिया के स्क्वॉड पर कई दिग्गज क्रिकेटर्स ने सवाल खड़े किए थे। इस कड़ी में कुछ विदेशी खिलाड़ियों ने भी अपनी बयानबाजी की थी। जिस पर पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर गुस्सा हो गए ते और उन्होंने इन विदेशी खिलाड़ियों की जमकर आलोचना की थी। लेकिन अब गावस्कर के इस बयान के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर ब्रैंड हैडिन का जवाब आया है।


गावस्कर ने कहा था कि विदेशी खिलाड़ियों को भारतीय टीम के मसलों से दूर रहना चाहिए और अपने देश की क्रिकेट पर ध्यान देना चाहिए। हैडिन ने इस बात का जवाब दिया है। ये बहस श्रेयस अय्यर को एशिया कप के लिए भारत की टी20 टीम में जगह नहीं मिलने के बाद शुरु हुई थी।

हैडिन ने विलो टॉक नाम के पॉडकास्ट पर कहा कि क्रिकेट के मसलों पर बात करना उनका काम है। हैडिन ने कहा कि वह आईपीएल में काम करते हैं और इसलिए भारतीय टीम के खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि, वह पंजाब किंग्स में अय्यर के साथ थे और इसलिए जानते हैं कि वह टीम में चुने जाने के हकदार हैं। हैडिन पंजाब के बल्लेबाजी कोच हैं।

हैडिन ने कहा कि, हमारा काम विश्व क्रिकेट में जो हो रहा है उस पर अपना विचार रखना है। हम यही करते हैं। मैंने आईपीएल में उन्हें कोच किया है और मैंने जो कहा उस पर मैं कायम हूं। मैं इस बात से हैरान था कि वह टीम का हिस्सा नहीं हैं। मैं ये नहीं कह रहा कि बाकी जो खिलाड़ी चुने गए हैं वो नहीं चुने जाने चाहिए थे।

हैडिन ने कहा कि, मैंने ये इसलिए कहा था कि क्योंकि जिस तरह से अय्यर ने हमारी टीम को संभाला था। वह शानदार लीडर हैं और जिस तरह से वह दवाब में आगे से टीम का नेतृत्व करते हैं वो बेहतरीन है। उन जैसे खिलाड़ियों को साइडलाइन करते हुए भी भारत के पास अच्छी टीम है।

# मिचेल स्टार्क ने टी20 विश्व कप से पहले उठाया बड़ा कदम, टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को घोषित आस्ट्रेलियाई टी20 टीम में स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस के नाम नहीं हैं। 33 वर्ष के स्टार्क ने 65 टी20 मैचों में 79 विकेट लिए हैं।

उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनकी प्राथमिकता है और अगले दो साल के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए उन्हें तैयार रहना है। कमिंस को पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद से आराम दिया गया है। उनकी कमर में भी दर्द है इसलिए नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला की तैयारी के मद्देनजर उन्हें आराम दिया है। स्टार्क एशेज, भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और 2027 वनडे विश्व कप के लिये पूरी तरह फिट रहना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, 'मैने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी20 मैच के हर मिनट का मजा लिया है। खासकर 2021 विश्व कप क्योंकि जीत के साथ हमने पूरे सफर का आनंद लिया।' स्टार्क ने कहा, 'टी20 से संन्यास लेने का कारण तरोताजा और फिट बने रहना है। इससे गेंदबाजी समूह को टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए भी समय मिल जाएगा।'

आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, 'मिचेल को अपने टी20 करियर पर गर्व होना चाहिए। वह विश्व कप 2021 विजेता टीम का प्रमुख सदस्य था। अच्छी बात यह है कि वह टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलता रहेगा।''

# पाकिस्तान के मध्य क्रम बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

इस्लामाबाद ।पाकिस्तान के मध्य क्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अंतररष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 2021 टी 20 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ रोचक मुकाबले में उनकी 7 गेंदों पर 25 रनों की पारी उनके अंतररष्ट्रीय करियर की सबसे यादगार पारी है।आसिफ ने अपने अंतररष्ट्रीय करियर को अपने जीवन का एक गर्व करने योग्य अध्याय करार देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।आसिफ ने कहा, 'आज मैं अंतररष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। अलहमदुलिल्लाह, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सबसे गौरव की बात रही है।मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार–चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद।मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे, आपकी ताकत ने मुझे आगे बढ़ाया।' आसिफ ने कहा कि वह घरेलू क्रिकेट और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे।आसिफ ने पाकिस्तान के लिए 58 टी20 और 21 वनडे खेले।टी20 में आसिफ ने 15.18 की औसत से 577 रन बनाए, वहीं वनडे में उन्होंने 25.46 की औसत से 382 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।पाकिस्तान के लिए उन्होंने आखिरी वनडे अप्रैल 2022 में लाहौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था जबकि अपना अंतिम अंतररष्ट्रीय मैच उन्होंने अगस्त 2023 में एशियन गेम्स में बांग्लादेश के ख़िलाफ टी20 प्रारूप में खेला।आसिफ को 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू का मौका मिला था, डेब्यू से पहले उन्होंने उस साल क्कस्रु में इस्लामाबाद यूनाइटेड को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।इसके दो महीने बाद ही उन्हें वनडे में डेब्यू करने का मौका मिला लेकिन प्रदर्शन की निरंतरता की कमी के चलते वह टीम में स्थाई जगह हासिल नहीं कर पाए।आसिफ हाल ही में पाकिस्तान चैंपियंस के लिए भी खेलते नजर आए थे।साउथ अफ्रीका चैंपियंस के खिलाफ फाइनल में उन्होंने 28 रनों की पारी खेली थी।



# एकदिवसीय क्रिकेट के पहले 55 मैचों में सचिन और विराट से आगे हैं शुभमन

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल का प्रदर्शन एकदिवसीय में भी काफी अच्छा रहा है। यहां तक कि वह शुरुआती आंकड़ों पर नजर डालें तो महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और पूर्व कप्तान विराट कोहली से भी आगे नजर आते है। सचिन और विराट के नाम विश्व क्रिकेट में कई रिकार्ड हैं। शुभमन ने अभी तक 55 एकदिवसीय ही खेले हैं। ऐसे में अगर विराट और सचिन के पहले 55 एकदिवसीय मुकाबलों से उनकी तुलना करें तो शुभमन आगे दिखते हैं।

**सचिन तेंदुलकर :** सचिन ने अपने एकदिवसीय करियर में कुल 463 मैच खेले जिसमें 44.83 की औसत के साथ 18426 रन बनाए। हालांकि सचिन के एकदिवसीय करियर की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। पहले 55 एकदिवीसय में सचिन के नाम एक भी शतक नहीं है। उनका पहला शतक 79वें एकदिवसीय में बना था। 55 एकदिवसीय के बाद उनके 31.76 की औसत से केवल 1556 रन थे।

**विराट कोहली :** विराट के नाम एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 51 शतक लगाने का विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में अभी तक 302 एकदिवसीय खेले हैं जिसमें 57.9 की औसत के साथ 14181 रन ही बनाए हैं। पहले 55 एकदिवसीय के बाद विराट के सचिन तेंदुलकर से अधिक 2059 रन थे, जो उन्होंने 42.9 की औसत के साथ बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 5 शतक भी लगाये थे।

**शुभमन :** शुभमन पहले 55 एकदिवसीय के बाद रनों और शतक के साथ ही औसत के मामले में भी कहीं आगे हैं। शुभमन ने अभी तक 59.04 की औसत के साथ 2775 रन बनाये हैं। उनके नाम 8 शतक है। इससे पता चलता है कि शुभमन सचिन और विराट की तुलना में काफी बेहतर है। अब देखना होगा कि आगे वह अपनी बढ़त बनाये रख पाते हैं या नहीं।

# टेस्ट सहित सभी प्रारुपों में खेलना चाहते हैं रिंकू

नई दिल्ली। आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह ने अपनी बल्लेबाजी से टी20 क्रिकेट में अपनी अलग ही पहचान बनायी है। वह जिस प्रकार लंबे–लंबे छक्के लगाकर रन बनाते हैं उससे वह लोगों के पसंदीदा बल्लेबाज बन गये हैं और उन्हें टी20 विशेषज्ञ माना जाने लगा है।वहीं रिंकू ने कहा कि वह केवल टी20 के विशेषज्ञ बल्लेबाज नहीं बने रहना चाहते।उनका सपना भारतीय टीम की ओर से टेस्ट क्रिकेट खेलना है।रिंकू निचले क्रम पर तेजी से रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। यही खूबी उन्हें अन्य खिलाड़ियों से अलग बनाती है। अब तक 33 टी20 आई में रिंकू ने 42 की औसत और 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 546 रन बनाए हैं। वहीं घरेलू क्रिकेट में भी उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। रिंकू ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अभी तक 50 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 54.68 की औसत के साथ 3336 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम 22 अर्धशतक और 7 शतक हैं।रिंकू से पूछा गया कि अकसर आपको टी20 स्पेशलिस्ट का टैग दिया जाता तो उन्होंने कहा, ऋमुझे पता है कि जब मैं छक्के लगाता हूं तो प्रशंसकों को बहुत अच्छा लगता है, और मैं इसके लिए सचमुच आभारी हूं पर मेरा रणजी ट्रॉफी औसत भी बहुत अच्छा है, वहां मेरा औसत 55 से ज्यादा है।मुझे लाल गेंद से क्रिकेट खेलना बहुत पसंद है।मैंने भारत के लिए दो एकदिवसीय मैच भी खेले हैं और उनमें से एक में अच्छा प्रदर्शन किया है।इसलिए, ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ टी20 खिलाड़ी हूं।मेरा मानना ??है कि अगर मुझे मौका मिले तो मैं हर प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।उन्होंने आगे कहा, मुझे एक ही प्रारुप तक में सीमित रहना पसंद नहीं; मैं खुद को सभी फॉर्मेट का खिलाड़ी मानता हूं।मेरा सपना भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना है, और अगर मुझे मौका मिला, तो मैं उसे लेने के लिए तैयार रहूंगा।वह सुरेश रैना अपना आदर्श मानते हैं।'



# एशिया कप से पहले पूर्व क्रिकेटर का बड़ा बयान, संजू सैमसन प्लेइंग 11 में नहीं हो सकते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी एशिया कप के लिए संजू सैमसन को भारतीय टीम में चुना गया है। लेकिन पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान को लगता है कि सैमसन को प्लेइंग 11 में जगह नहीं मिलेगा और ऐसा शुभमन गिल को जगह देने के कारण होगा।

इरफान ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'संजू ने वाकई अच्छा प्रदर्शन किया है। उनकी निरंतरता पर एक सवालिया निशान है। या तो वह शतक जड़ेंगे या सस्ते में आउट हो जाएंगे। जाहिर है कि अभिषेक शर्मा टीम में होंगे क्योंकि वह गेंदबाजी कर सकते हैं और उनका स्ट्राइक रेट कमाल का है। चूंकि जितेश शर्मा टीम में हैं, इसलिए उनके पास शुभमन गिल को सलामी बल्लेबाज के तौर पर खिलाने का विकल्प है। मैं भी यही विकल्प चुनूंगा।'

इस पूर्व ऑलराउंडर ने बताया कि कैसे भारतीय क्रिकेट में अगले ऑल-फॉर्मेट कप्तान की तलाश ने गिल को अचानक से मौका दे दिया है। वे रोहित शर्मा का विकल्प चाहते हैं, और इस समय गिल सबसे अच्छा विकल्प हैं। उन्होंने कहा, 'भारतीय क्रिकेट इस समय नेतृत्व की तलाश में है। जब एमएस धोनी आए, तो हम बदलाव के दौर से गुजर रहे थे, लेकिन सौभाग्य से उन्होंने तुरंत विश्व कप (2007 में टी20) जीत लिया। धोनी के बाद विराट कोहली आए और उन्होंने कमान संभाली। फिर रोहित शर्मा आए और उन्होंने भी शानदार प्रदर्शन किया। हम हमेशा एक ऐसे नेतृत्वकर्ता की तलाश में रहते हैं जो भारतीय क्रिकेट को आगे ले जा सके। इसलिए गिल को खेलने के लिए सैमसन को बाहर बैठना पड़ सकता है। बेशक, विकेटकीपर को मध्यक्रम में आजमाया जा सकता है, लेकिन यह सैमसन और उन खिलाड़ियों के साथ अन्याय होगा जो पहले से ही उस क्रम पर खेल रहे हैं।'

इरफान ने आगे कहा, 'शुभमन गिल को जगह देने के लिए संजू को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिल सकती। यह मुश्किल होगा। अगर वह निचले क्रम में खेल सकते हैं, तो क्यों नहीं? सैमसन को पांचवें नंबर पर खिलाएं। अगर ऐसा हो सकता है तो जितेश की जगह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करनी होगी। लेकिन गिल को ऊपरी क्रम में खेलना चाहिए, क्योंकि तिलक वर्मा ने तीसरे नंबर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।'



### एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह

**स्टैंडबाय :** प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, यशस्वी जयसवाल।

# सीएसके से ही अधिक सफल रहे हैं अश्विन : डिविलियर्स

नई दिल्ली ।दक्षिण अफ्रीका के पर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स का कहना है कि स्पिनर आर अश्विन को चेन्नई सुपरकिंग्स नहीं छोड़नी चाहिये थी। अश्विन ने हाल ही में आईपीएल से संन्यास की घोषणा कर दी थी। वह आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलते थे। डिविलियर्स का मानना है कि अश्विन को सीएसके को कभी नहीं छोड़ना चाहिए था।अश्विन अब विदेशी लीग में खेलने जा रहे हैं। अश्विन ने आईपीएल में सीएसके के अलावा राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स, किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) और राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स के लिए भी खेला है।अश्विन सीएसके की ओर से सबसे ज्यादा सफल रहे हैं।करियर की शुरुआत भी उन्होंने इसी टीम के साथ की थी। डिविलियर्स का मानना है कि अश्विन को सीएसके को नहीं छोड़ना चाहिए था, क्योंकि जब वह अन्य टीमों के लिए खेलते थे तो स्थापित नहीं हो पाते थे।आईपीएल करियर में अश्विन ने 221 मैचों में 187 विकेट लिए हैं और वह आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाले हैं। डिविलियर्स ने कहा, शानदार करियर। कहना ही पड़ेगा, क्या शानदार खिलाड़ी था।खेल का क्या वैज्ञानिक था।खेल का एक डॉक्टर, एक प्रोफेसर। वह हमेशा नियमों की सीमा तक जाता था।आम तौर पर सही होता था, भले ही उस पर थोड़ी–बहुत नाराजगी भी होती थी। मैं खेल का अध्ययन करने वाले लोगों का बहुत सम्मान करता हूं और वह ऐसे ही क्रिकेटरों में से एक था। उन्होंने साथ ही कहा, अविश्वसनीय कौशल। भारत में एक महान खिलाड़ी और आइकन। उन्होंने वर्षों तक टीम इंडिया और सीएसके के लिए कई मैच जीते हैं। उन्होंने दूसरी टीमों के लिए भी खेला, लेकिन उन टीमों में कभी भी अपने को स्थापित महसूस नहीं किया।मेरे विचार से, उन्हें हमेशा चेन्नई सुपर किंग्स में ही रहना चाहिए था।जाहिर है, यह उन पर निर्भर नहीं था, क्योंकि उन्हें टीम में बनाए रखने और टीम के चयन में कई तरह की बातें शामिल होती हैं, लेकिन मैं उन्हें हमेशा पीली जर्सी वाले खिलाड़ी के रूप में याद रखूंगा।



## त्रिकोणीय सीरीज : राशिद की घातक गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यूएई को हराकर दर्ज की पहली जीत

शारजाह ।कप्तान राशिद खान की जबरदस्त गेंदबाजी से अफगानिस्तान की टीम ने यहां तिकोणीय क्रिकेट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान यूएई को हरा दिया।ये इस सीरीज में अफगान टीम की पहली जीत है।इससे उसे 2 अंक मिले हैं।इस मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शानदार अर्धशतकों से 188 रन बनाये। इसके बाद मेजबान यूएई की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 विकेट पर 150 रन ही बना पायी और उसे 38 रनों से हार का सामना करना पड़ा है।मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान की टीम ने 20 ओवरों में चार विकेट पर 188 रन बनाए।

# अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने भूकंप पीड़ितों को दान की मैच फीस

शारजार ।यहां अभी त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज खेल रही अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने अपने देश में आये भूकंप पर दुख जताते हुए पीड़ितों के लिए मैच फीस की पूरी राशि ही दान कर दी है।इन खिलाड़ियों ने भूकंप पीड़ितों के लिए दुआएं भी की हैं।खिलाड़ियों ने कहा है कि वे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ मिली मिली मैच फीस की राशि दान कर देंगे।पूरी मैच फीस के साथ ही खिलाड़ियों ने निजी तौर पर भी सहायता राशि दी है।अफगानिस्तान और यूएई के खिलाड़ियों ने मैच से पहले जान गंवाने वाले लोगों की याद में कुछ देर के लिए मौन भी रखा।गौरतब है कि 1 सितंबर की देर रात आए भूकंप से अफगानिस्तान में 800 से ज्यादा लोग मारे गए। इसके अलावा 2,800 से ज्यादा लोग इस घायल भी हुए हैं। इलाके के घर भी तबाह हो गये हैं। भारत समेत कई देश अफगानिस्तान की सहायता के लिए आगे आए हैं। खाद्य सामग्री के साथ–साथ मेडिकल सुविधाएं भी उपलब्ध करायी गयी हैं।अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा, टीम ने भूकंप पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखायी है। अफगानिस्तान टीम ने यूएई के खिलाफ होने वाले मैच की अपनी पूरी मैच फीस और अतिरिक्त राशि भूकंप से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए देने की बात कही है। इसके अलावा, खोस्त प्रांत में चल रहे क्षेत्रीय लिस्ट ए टूर्नामेंट में शामिल खिलाड़ी भी अपना दान एकत्र करेंगे।



# पंजाब में बाढ़ से टूटा भारतीय कप्तान शुभमन गिल का दिल, हरभजन सिंह ने बढ़ाया मदद का हाथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने मंगलवार को अपने गृह राज्य पंजाब में लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ से हुई भारी तबाही पर दुख व्यक्त किया। पंजाब के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री एस हरदीप सिंह मुंडियन के अनुसार बाढ़ ने 12 जिलों के 2.56 लाख से अधिक लोगों को प्रभावित किया है, हजारों लोगों को विस्थापित किया है और मानव जीवन, संपत्ति, कृषि और पशुधन को भारी नुकसान पहुंचाया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट में गिल ने लिखा, 'अपने पंजाब को बाढ़ से तबाह देखकर दिल टूट गया। पंजाब हमेशा किसी भी विपत्ति से अधिक मजबूत रहेगा, और हम इससे उबरेंगे। मेरी प्रार्थनाएं सभी प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मैं अपने लोगों के साथ मजबूती से खड़ा हूं।'

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए सहायता राशि का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वह पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए 10 नावें उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने लोगों से आगे आकर पंजाब के लिए अपना समर्थन दिखाने का अनुरोध भी किया।

हरभजन ने बताया, 'पंजाब और पंजाब के लोगों के प्रति अपना समर्थन दिखाएं। मैं खुद प्रभावित इलाकों में गया हूं। पंजाब में हम सभी लोगों के लिए यह एक मुश्किल समय है। हम एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं। मैं सभी जत्थेबंदियों और विभिन्न संगठनों का धन्यवाद करता हूं जो लोगों को बचाने में मदद कर रहे हैं। मैंने प्रधानमंत्री मोदी से इस मुश्किल घड़ी में हमारी मदद करने का अनुरोध किया है। हम भारत के अन्नदाता हैं। मैं और लोगों से मदद के लिए आगे आने का अनुरोध करता हूं। पंजाब अब सभी की समस्या के साथ खड़ा है। पंजाब और पंजाब के लोगों के प्रति अपना समर्थन दिखाएं।'

तत्काल राहत प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने 129 राहत शिविर स्थापित किए हैं, जिनमें 7,144 लोग रह रहे हैं। फिरोजपुर में सबसे अधिक 3,987 लोग हैं, उसके बाद फाजिल्का (1,201), होशियारपुर (478), पठानकोट (411) और गुरदासपुर (424) हैं। अब तक कुल 1,044 गांव प्रभावित हुए हैं जिनमें गुरदासपुर में सबसे अधिक 321 गावं हैं, उसके बाद कपूरथला (115), होशियारपुर (94), अमृतसर (88) और पठानकोट (82) हैं।

गुरदासपुर सबसे अधिक प्रभावित जिला बना हुआ है, जहां लगभग 1.45 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अन्य गंभीर रूप से प्रभावित जिलों में अमृतसर (35,000), फिरोजपुर (24,015) और फाजिल्का (21,562) शामिल हैं। राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए कई एजेंसियों को तैनात किया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) ने 20 टीमें तैनात की हैं, जबकि सेना, नौसेना और वायु सेना ने 10 टुकड़ियां तैनात की हैं, जिनमें से 8 स्टैंडबाय पर हैं, साथ ही उनकी संबंधित इंजीनियर इकाइयां भी हैं। 114 नावों और एक सरकारी हेलीकॉप्टर की मदद से 35 से ज़्यादा हेलीकॉप्टर बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। सीमा सुरक्षा बल (BSF) को भी प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात किया गया है।





# कई राज्यों में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल, लेकिन महानगरों में स्थिरता

**- अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं, फिर भी देश के कई शहरों में राहत**

**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें एक बार फिर 70 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रही हैं, लेकिन इसके विपरीत भारत के कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में राहत देखने को मिली है। सरकारी तेल कंपनियों ने मंगलवार सुबह पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कीं, जिनमें कई शहरों में कीमतों में कटौती की गई है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल की कीमत में 88 पैसे की बड़ी कटौती हुई है, जिससे यह 105.23 रुपए प्रति लीटर हो गया है। वहीं डीजल की कीमत में भी 83 पैसे की गिरावट आई है और अब यह 91.49 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 10 पैसे सस्ता होकर 94.77 रुपए और डीजल 12 पैसे कम होकर 87.89 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। हालांकि हरियाणा की गुरुग्राम में इसके` विपरीत स्थिति रही, जहां पेट्रोल 29 पैसे बढ़कर 95.65 रुपए और डीजल 28 पैसे चढ़कर 88.10 रुपए प्रति लीटर हो गया है। देश के चारों प्रमुख



महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो ब्रेंट क्रूड की कीमत बढ़कर 68.15 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 64.62 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

## फीनिक्स मिल्स के शेयरों में उछाल

**- नए मॉल्स की लॉन्चिंग और रणनीतिक अधिग्रहण से कंपनी की दीर्घकालिक ग्रोथ को मिलेगा बल**

**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट कंपनी फीनिक्स मिल्स के शेयरों में मंगलवार को बीएसई पर करीब 4 फीसदी की तेजी देखने को मिली। इस उछाल की वजह बनी ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल द्वारा स्टॉक की रेटिंग को नेचुरल से अपग्रेड कर बीयूवाय करना है। इसके साथ ही ब्रोकरेज ने शेयर का टारगेट प्राइस 1,673 से बढ़ाकर 2,044 रुपए कर दिया है, जो वर्तमान भाव से करीब 35 फीसदी का संभावित रिटर्न दर्शाता है। फीनिक्स मिल्स देशभर में रिटेल-बेस्ड मिक्स्ड-यूज़ प्रॉपर्टीज का निर्माण, लीजिंग और प्रबंधन करती है।




कंपनी का फोकस मॉल्स और ऑफिस स्पेस पर है, साथ ही यह हॉस्पिटैलिटी, कमर्शियल और रेसिडेंशियल रियल एस्टेट में भी सक्रिय है। इनकम का प्रमुख स्रोत किराया है जो देशभर में फैले इसके प्रॉपर्टीज से आता है। ओसवाल का मानना है कि वित्त वर्ष 2027 के बाद भी कंपनी की ग्रोथ स्थिर बनी रहेगी, खासकर नए मॉल्स की शुरुआत और मौजूदा मॉल्स में कंजम्पशन बढ़ाने के प्रयासों से। हाल ही में फीनिक्स मिल्स ने आईसलैंड स्टार मॉल डेवलपर्स में शेष 49 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण भी पूरा किया है, जिससे इसका हाई-क्वालिटी रिटेल पोर्टफोलियो और सशक्त होगा।

## दो इलेक्ट्रिक एसयूवीएस वीएफ 6 और वीएफ 7 जल्द होगी लांच




**नईदिल्ली ।**

वियतनाम की कंपनी विनफास्ट ने घोषणा की है कि उसकी दो इलेक्ट्रिक एसयूवीएस वीएफ 6 और वीएफ 7 को 6 सितंबर 2025 को लॉन्च किया जाएगा। विनफास्ट ने इस साल ऑटो एक्सपो 2025 में अपने मॉडल्स शोकेस किए थे। इसके बाद कंपनी ने हाल ही में भारत में पहला शोरूम भी खोला। लक्ष्य है कि साल के अंत तक 35 डीलरशिप शुरू की जाएं। ग्राहक इन एसयूवीएस को केवल 21,000 रुपये देकर ऑनलाइन प्री-बुक कर सकते हैं। वीएफ 6 में 59.6 केडब्ल्यूएच और वीएफ 7 में 70.8 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक दिया जाएगा। रेंज और परफॉर्मेंस की पूरी जानकारी अभी कंपनी ने साझा नहीं की है, लेकिन उम्मीद है कि यह मौजूदा इलेक्ट्रिक एसयूवीएस को कड़ी टक्कर देंगी।

दोनों एसयूवीएस का असेंबली कार्य विनफास्ट की तमिलनाडु स्थित टूथूकुडी फैक्ट्री में हो रहा है, जिसकी शुरुआती क्षमता 50,000 यूनिट्स प्रति साल है और भविष्य में इसे बढ़ाकर 1.5 लाख यूनिट्स किया जा सकता है। विनफास्ट की एंट्री इस सेगमेंट को और प्रतिस्पर्धी बनाएगी। वीएफ 6 और वीएफ 7 न सिर्फ भारत में कंपनी की शुरुआत हैं, बल्कि ईवी बाजार में ग्राहकों को एक नया विकल्प भी देंगी। भारत में पहले से ही टाटा महिंद्रा, एमजी और बीवायडी जैसी कंपनियां इलेक्ट्रिक एसयूवीएस पेश कर रही हैं।

## इलेक्ट्रिक स्कूटर रेंज की रीढ़ साबित होगा ईएल प्लेटफॉर्म



**नई दिल्ली ।**

एथर एनर्जी कंपनी ने अपने बहुप्रतीक्षित ईएल प्लेटफॉर्म से पर्दा हटा दिया है। इसके बारे में एथर का कहना है कि यह नेक्स्ट-जनरेशन प्लेटफॉर्म उसकी आने वाली इलेक्ट्रिक स्कूटर रेंज की रीढ़ साबित होगा। इसके तहत कंपनी फैमिली स्कूटर, मैक्सी-स्कूटर और स्पोर्टी परफॉर्मेंस ईवी लॉन्च करेगी। इस मौके पर एथर ने ईएल 01 कॉन्सेप्ट भी दिखाया, जो भविष्य के फैमिली स्कूटर की झलक पेश करता है। कंपनी का पहला नया स्कूटर अगले साल त्योहारी सीजन में बाजार में आएगा और इसका उत्पादन महाराष्ट्र के संभाजी नगर प्लांट में होगा। ईएल प्लेटफॉर्म को पूरी तरह नए सिरे से डिजाइन किया गया है। इसमें स्केलेबल चेसिस, नया पावरट्रेन और री-इंजीनियर्ड सॉफ्टवेयर स्टैक दिया गया है।

कंपनी का दावा है कि यह प्लेटफॉर्म लंबे सर्विस अंतराल, तेज असेंबली और दोगुनी तेजी से पीरियोडिक मेंटेनेंस की सुविधा देगा। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसमें एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकिंग सिस्टम और नया चार्ज ड्राइव कंट्रोलर दिया गया है, जिससे पोर्टेबल चार्जर की जरूरत खत्म हो जाएगी। इवेंट में कंपनी ने अपना सबसे बड़ा सॉफ्टवेयर अपडेट अथेरस्टेक 7.0 भी पेश किया। इसमें भारतीय भाषाओं के लिए प्रशिक्षित एआई-बेस्ड वॉइस असिस्टेंट, क्रैश अलर्ट, गड्ढों की चेतावनी और चोरी से सुरक्षा के फीचर्स शामिल हैं। एथर ने अगली पीढ़ी की फास्ट चार्जिंग तकनीक भी लॉन्च की है।

यह तकनीक मात्र 10 मिनट में 30 किलोमीटर की रेंज देने में सक्षम है, यानी चार्जिंग समय लगभग आधा हो गया है। इन नई घोषणाओं से साफ है कि एथर आने वाले वर्षों में भारतीय ईवी बाजार में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी कर रही है। खास बात यह है कि यह सिस्टम पुराने एथर स्कूटर्स के साथ भी कम्पैटिबल रहेगा और इसे ओटीए अपडेट के जरिए दिया जाएगा। इसके अलावा, कंपनी ने इनफिनिट क्रूज कंट्रोल सिस्टम पेश किया है, जिसमें सिटीक्रूज, हिल कंट्रोल और क्रॉल कंट्रोल जैसे मोड मिलेंगे।

# भारत सेमीकंडक्टर उद्योग में बना स्थिरता और विकास का मॉडलः वैष्णव

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की तेजी से हो रही प्रगति को वैश्विक परिदृश्य में एक स्थिरता और विकास का प्रकाश स्तंभ बताया।

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में भारत ने पांच सेमीकंडक्टर इकाइयों के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिनमें से एक इकाई की उत्पादन लाइन पूरी हो चुकी है और कुछ महीनों में दो और इकाइयां उत्पादन शुरू कर देंगी।

वैष्णव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक आर्थिक और नीतिगत अस्थिरता के बीच भारत का स्थिर और पारदर्शी नीति माहौल निवेशकों के लिए विश्वास का कारण बन रहा है। उन्होंने वैश्विक उद्योग जगत से भारत के तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर उद्योग में निवेश करने का आग्रह किया। मंत्री ने यह भी बताया कि देश के 278 विश्वविद्यालयों को अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) उपकरणों से लैस किया गया है, जिससे 60,000 से अधिक इंजीनियरिंग छात्र सेमीकंडक्टर डिजाइन में प्रैक्टिकल अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। इसी के साथ, 17 छात्र दलों ने सफलतापूर्वक चिप तैयार कर प्रधानमंत्री मोदी को भेंट की है। वैष्णव ने भारत के जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम पर भी जोर दिया, जो सेमीकंडक्टर क्षेत्र में नवाचार कर वैश्विक बाजारों में अपनी पहचान बना रहा है। 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत बढ़ती सेमीकंडक्टर मांग और उद्योग की क्षमता को देखते हुए, वैष्णव ने निवेश के लिए भारत को सबसे उपयुक्त स्थान बताया। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना और निर्यात आठ गुना बढ़ चुका है, जो देश के उद्योग के तेजी से विकास का प्रमाण है।

## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ ही 88.14 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 88.14 पर खुला और शुरुआती कारोबार में छह पैसे टूटकर 88.16 प्रति डॉलर के स्तर पर आ गया। यह सोमवार के बंद स्तर 88.10 की तुलना में और नीचे है, जो कि अब तक का सर्वाधिक निचला स्तर था। रुपये की इस कमजोरी की प्रमुख वजह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली और डॉलर की वैश्विक मांग में बढ़ोतरी है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, एफआईआई ने सोमवार को 1,429.71 करोड़ रुपये के शेयर शुद्ध रूप से बेचे। वहीं, डॉलर सूचकांक 0.08 फीसदी बढ़कर 97.84 पर पहुंच गया, जिससे डॉलर की मजबूती और स्पष्ट हो गई।




## एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने भुज में 25 मेगावाट सौर परियोजना शुरू की

**नई दिल्ली ।** एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने गुजरात के भुज में 25 मेगावाट की नई सौर ऊर्जा परियोजना शुरू करने की घोषणा की है। यह परियोजना अयाना रिन्यूएबल पावर फोर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित 150 मेगावाट की बड़ी सौर परियोजना का हिस्सा है। अयाना रिन्यूएबल पावर प्राइवेट लिमिटेड की यह परियोजना ओएनजीसी एनटीपीसी ग्रीन प्राइवेट के साथ एक संयुक्त उद्यम (जॉइंट वेंचर) के तहत चल रही है। इस नई परियोजना का कमर्शियल ऑपरेशन 3 सितंबर, 2025 से शुरू हो गया है। इस पहल के बाद एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता अब 83,366 मेगावाट हो गई है। वहीं एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की कुल कमर्शियल क्षमता 7,272.575 मेगावाट तक पहुंच गई है, जो पहले 7,247.575 मेगावाट थी। यह वृद्धि देश में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी की भूमिका को और मजबूत करती है। एनटीपीसीने इस जानकारी को सेबी के लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स, 2015 के तहत रेगुलेशन 30 के अनुसार सार्वजनिक किया है।

## सेबी शेयर सूचकांक वायदा-विकल्प कारोबार में नए निगरानी ढांचे लागू करेगा

**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर सूचकांक वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) में कारोबार की निगरानी के लिए एक नया सख्त नियामक ढांचा लागू करने का निर्णय लिया है। यह कदम बड़े जोखिमों और संभावित हेरफेर को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। नया ढांचा 1 अक्टूबर से लागू होगा। सेबी ने सूचकांक वायदा–विकल्प में प्रति इकाई शुद्ध सीमा 5,000 करोड़ रुपये निर्धारित की है, जबकि दिन के अंत में यह सीमा 1,500 करोड़ रुपये होगी। कारोबार के दौरान सकल सीमा 10,000 करोड़ रुपये तक सीमित रहेगी, जो मौजूदा दिन के अंत की सीमा के समान है। यह सीमा खरीद और बिक्री दोनों पक्षों पर अलग–अलग लागू होगी। सेबी ने कहा है कि कम से कम 400 सौदों की निगरानी की जाएगी, खासकर दोपहर पौने तीन से साढ़े तीन बजे के बीच, जब बाजार में गतिविधि अधिक होती है। इससे असामान्य खरीद–बिक्री गतिविधि पर नजर रखी जाएगी और जोखिम कम किया जाएगा। यह नया निगरानी ढांचा अमेरिकी कंपनी जेन स्ट्रीट को भारतीय बाजार से अस्थायी प्रतिबंधित करने के बाद आया है। जेन स्ट्रीट पर सूचकांक में हेरफेर और नकदी व वायदा बाजारों में एक साथ दांव लगाकर मुनाफा कमाने का आरोप था। सेबी ने चेतावनी दी है कि सीमा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जांच की जाएगी और बाजार द्वारा जुर्माना या अतिरिक्त निगरानी जमा राशि लगाई जाएगी। यह उपाय बाजार में पारदर्शिता और निवेशकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 206, निफ्टी 45.45 अंक नीचे आया**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी होने से बाजार में ये गिरावट आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 206.61 अंक करीब 0.26 फीसदी टूटकर 80,157.88 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 45.45 अंक नीचे आकर 24,579.60 पर रहा। आज लार्जकैप की जगह मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 151.90 अंक बढ़कर 56,977.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 93.20 अंक नीचे आकर 17,591.30 पर था। वहीं सेक्टोरल आधार पर देखें तो ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा और प्राइवेट बैंक इंडेक्स गिरावट पर बंद हुए जबकि एफएमसीजी, पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी, मीडिया , एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स के शेयरों में तेजी रही।




सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, एचयूएल, बीईएल, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, इटरनल और आईटीसी के शेयर सबसे अधिक लाभ में थे। एमएंडएम, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक टॉप के शेयरों को सबसे अधिक नुकसान हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार आज कारोबार के दौरान बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इथेनॉल मानदंडों में मिली राहत के कारण चीनी शेयरों में तेजी आई, जबकि अमेरिका की नरम रुख वाली टिप्पणियों के बाद निर्यात केंद्रीत कंपनियों के शेयरों में तेजी आई हालांकि, निवेशकों अपनी ओर से सतर्कता बरत रहे हैं।

इससे पहले आज सुबह बाजारों की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। सुबह बीएसई सेंसेक्स 150 अंकों की बढ़त के साथ 80,520.09 पर खुला, जबकि निफ्टी50 ने 24,653 के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। सुबह सेंसेक्स 231.59 अंक चढ़कर 80,596.08 पर और निफ्टी 76.75 अंक बढ़कर 24,701 पर कारोबार करता देखा गया। एशियाई बाजारों में आज सकारात्मक माहौल देखा गया। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.31 फीसदी, कोरिया का कोस्पी 0.45 फीसदी और टॉपिक्स इंडेक्स 0.28 फीसदी बढ़ा।

## अकाउंट एग्रीगेटर से वित्तीय समावेशन और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत

**नई दिल्ली ।** वित्त मंत्रालय ने बताया कि अकाउंट एग्रीगेटर (एए) प्रणाली ने भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा व्यक्तिगत ऋण की पहुंच को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे 2 सितंबर 2021 को आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया था, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक ने 2016 में इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। यह एक डिजिटल फ्रेमवर्क है जो वित्तीय डेटा को सुरक्षित और सहमति-आधारित तरीके से साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। इससे बैंकिंग, बीमा, पेंशन और प्रतिभूति जैसे क्षेत्रों में डेटा साझा करना सरल और सुरक्षित हो गया है। इस पहल से भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) मजबूत हुआ है। आज तक 112 संस्थान वित्तीय सूचना प्रदाता (एफआईपी) और वित्तीय सूचना उपयोगकर्ता (एफआईयू) दोनों के रूप में सक्रिय हैं, जबकि 56 संस्थान केवल एफआईपी और 410 केवल एफआईयू के रूप में काम कर रहे हैं। अकाउंट एग्रीगेटर के माध्यम से अब 2.2 अरब से अधिक वित्तीय खाते जुड़े हुए हैं, जिनमें से 11.23 करोड़ उपयोगकर्ता अपने खातों को लिंक कर चुके हैं। 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान एए को एक महत्वपूर्ण डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के रूप में मान्यता मिली। जुलाई 2024 में जारी जी-20 कार्यबल की रिपोर्ट में भी इसके महत्व को व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है। यह प्रणाली 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में एक अहम भूमिका निभाएगी।

# जीएसटी काउंसिल में बदलाव के संकेतः 4 से घटाकर 2 स्लैब पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली ।**

जीएसटी काउंसिल की फिटमेंट कमेटी होने वाली बैठक में मौजूदा चार टैक्स स्लैब को घटाकर दो स्लैब करने पर विचार किया जाएगा। केंद्र सरकार की योजना के मुताबिक, 12 फीसदी और 28 फीसदी टैक्स स्लैब को समाप्त कर दिया जाएगा। 12 फीसदी स्लैब के ज्यादातर उत्पादों को 5 फीसदी और कुछ को 18 फीसदी स्लैब में शामिल किया जाएगा। वहीं 28 फीसदी स्लैब के सामान को 18 फीसदी में लाया जाएगा, जबकि लग्जरी और 'सिन गुड्स' पर टैक्स बढ़ाकर 40 फीसदी किया जाएगा। अब तक 1,000 रुपये तक के कपड़े और जूते पर 5 फीसदी और अधिक कीमत वाले पर 12 फीसदी जीएसटी लगता था। प्रस्तावित बदलाव के बाद, 2,500 रुपये तक के कपड़े और फुटवियर पर 5 फीसदी और इससे ऊपर कीमत वाले पर 18 फीसदी टैक्स लगेगा। इससे उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों के लिए नए नियम लागू होंगे। आईसीएआई के एक पूर्व अधिकारी ने इस प्रस्ताव पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि एक ही उत्पाद पर अलग-




अलग कीमतों के आधार पर जीएसटी दर लगाना पारदर्शिता और सरलता के विपरीत होगा। इससे टैक्स चोरी और विवाद बढ़ सकते हैं।

15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी 2.0 को दिवाली से पहले लागू करने की घोषणा की थी। मंत्रियों के समूह ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और अब जीएसटी काउंसिल की 3-4 सितंबर की बैठक में अंतिम फैसला होगा। सरकार सितंबर के अंत तक नया जीएसटी ढांचा लागू करने की योजना बना रही है।

## अगस्त में जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 1.86 लाख करोड़ हुआ

**- जुलाई की तुलना में मामूली गिरावट, अप्रैल में हुआ था अब तक का सबसे अधिक संग्रह**




**नई दिल्ली ।** अगस्त 2025 में देश का कुल जीएसटी कलेक्शन 1.86 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष अगस्त 2024 के मुकाबले 6.5 फीसदी अधिक है। यह वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिर मजबूती को दर्शाती है। हालांकि, जुलाई 2025 में संग्रह ₹1.96 लाख करोड़ रुपए था, जो त्योहारों और आर्थिक गतिविधियों के कारण अधिक रहा। अगस्त में कलेक्शन सामान्य स्तर पर लौट आया है। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी वसूली अब तक के रिकॉर्ड स्तर 2.37 लाख करोड़ पर पहुंची थी। इसके अलावा अगस्त 2025 में ग्रॉस डोमेस्टिक रेवेन्यू 1.36 लाख करोड़ रुपए रहा, जो 6.6 फीसदी की वार्षिक वृद्धि है। वहीं इम्पोर्ट टैक्स में 1.2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जो 49,354 करोड़ रुपए रहा।

## स्वान डिफेंस और भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय ने शुरू किया उत्कृष्टता केंद्र

**छात्रों और युवाओं को करियर बनाने के लिए मजबूत आधार मिलेगा**

**मुंबई ।** स्वान डिफेंस एंड हैवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एसडीएचआई) ने भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय (आईएमयू) के साथ मिलकर जहाज निर्माण और नौसेना वास्तुकला में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल का उद्देश्य भारत के बढ़ते जहाज निर्माण और भारी विनिर्माण क्षेत्रों में प्रशिक्षित पेशेवरों की अगली पीढ़ी तैयार करना है। इस साझेदारी के तहत एसडीएचआई और आईएमयू अपने परिसरों में प्रशिक्षण, अनुसंधान और नवाचार गतिविधियों को बढ़ावा देंगे। उत्कृष्टता केंद्र जहाज निर्माण से जुड़े तकनीकी कौशल और नौसेना वास्तुकला में विशेषज्ञता विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इससे छात्रों और युवाओं को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए मजबूत आधार मिलेगा। स्वान डिफेंस ने बताया कि यह साझेदारी भारत के आत्मनिर्भर बनने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत स्थिति हासिल करने के प्रयासों का हिस्सा है। दोनों संस्थान शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं और सरकारी विभागों के साथ मिलकर कौशल विकास की दिशा में और पहल करेंगे।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 03 सितंबर 2025
Www.vishalindia.in



## ‘अजुल’ गाने पर छिड़े विवाद के बीच गुरु ने शेयर की क्रिप्टिक पोस्ट

मशहूर पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा के नए हालिया रिलीज गाने ‘अजुल’ को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। इस गाने में दिखाए गए टीचर और स्टूडेंट के बीच के संबंधों को लेकर विवाद शुरू हो गया। इसके चलते गुरु को नाबालिगों के कथित यौन शोषण के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। अब इस विवाद के बीच गुरु रंधाना ने एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है। गुरु ने शेयर किए गाने के व्यूज के आंकड़े गाने को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच गुरु ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है। जिसको देखकर ऐसा लगता है कि उन्होंने आलोचकों को एक तरह से जवाब दिया है। हालांकि, उन्होंने इसमें सीधे तौर पर ऐसा कुछ नहीं कहा है। दरअसल, सिंगर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ‘अजुल’ गाने को मिले व्यूज और लाइक्स का एक स्क्रीनशॉट साझा किया है। स्टोरी में दिखाया गया है कि यह गाना पिछले एक घंटे में 107,200 से ज्यादा बार देखा गया और यूट्यूब पर 27,000 से ज्यादा बार सर्च किया गया है।

### ‘अजुल इज अजुलिंग’

इस स्टोरी को शेयर करते हुए गुरु रंधावा ने लिखा, ‘अजुल इज अजुलिंग। जब भगवान आपके साथ होते हैं, तो आप केवल आगे बढ़ते हैं।’ इसके साथ ही उन्होंने दिल और सेलिब्रेशन वाले इमोजी भी बनाए हैं।

### यह है विवाद का कारण

‘अजुल’ गाने में गुरु एक फोटोग्राफी टीचर की भूमिका निभा रहे हैं जो अपने छात्रों की एक ग्रुप फोटो लेने की तैयारी कर रहे हैं। वह अपनी स्टूडेंट जिसका किरदार अंशिका पांडे ने निभाया है। उसके आने का इंतजार करते हैं। अंशिका स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर आती हैं और अपना डांस दिखाती हैं, जबकि गुरु का किरदार उनके डांस के हाव-भाव निहारता नजर आता है। बाद में वह कैजुअल आउटफिट में आ जाती हैं और बोल्ड कोरियोग्राफी के साथ डांस करती हैं। हालांकि, असल में अंशिका की उम्र क्या है इसका तो पता नहीं है। लेकिन वीडियो में उन्हें एक स्कूल स्टूडेंट के रूप में दिखाए जाने पर लोगों ने नाराजगी जताई है।



## अपने पार्टनर में कुछ खास खूबियां चाहती हैं जान्हवी

हाल ही में जान्हवी कपूर को ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ में फिल्म ‘परम सुंदरी’ के को-एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ देखा गया। दोनों ने जहां फिल्म को लेकर बातचीत की, वहीं अपनी लव लाइफ के बारे में भी कुछ बातें साझा कीं। जान्हवी ने बताया कि वह अपने पार्टनर में क्या-क्या खूबियां चाहती हैं। कपिल शर्मा ने शो में पूछा कि जान्हवी आपको कैसे इंप्रेस किया जाए? इस पर वह बोलीं- ‘यह खाने पर आधारित है, सर।’ आगे सिद्धार्थ मल्होत्रा कहते हैं, ‘इन्हें एक कुक चाहिए।’ फिर जान्हवी कपूर कहती हैं, ‘मेरे पार्टनर को खाना बनाना आना चाहिए, वह खाने के शौकीन होने चाहिए। हां, वह तीखा खाना सहन कर पाते हों।’ दरअसल, जान्हवी को तीखा खाना बहुत पसंद है। वह आगे जवाब देती हैं, ‘बेशक, खाने के साथ अगर हरी मिर्ची साइड में नहीं रखी तो वो खाना ही क्या है? बताते चलें कि असल जिंदगी में जान्हवी कपूर का नाम बिजनेसमैन शिखर पहाड़िया से जुड़ा जाता है, दोनों को अक्सर साथ डेट पर देखा भी जाता है।

जान्हवी कपूर की फिल्म को मिला अच्छा रिस्पॉन्स

जान्हवी कपूर की फिल्म ‘परम सुंदरी’ को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म ‘परम सुंदरी’ एक रोमांटिक ड्रामा है। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा परम नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो कि उत्तर भारत से बिलॉन्ग करता है, वहीं जान्हवी कपूर ने सुंदरी नाम की लड़की का रोल किया है, जो दक्षिण भारत से आती है। इन दोनों के बीच कैसे प्यार होता है, यह फिल्म की स्टोरी लाइन है।

## इंडस्ट्री में काम पाने के लिए रील बनाते थे अहान



अहान पांडे अपनी पहली फिल्म ‘सैयारा’ से स्टार बन गए। फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस को काफी पसंद किया गया और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की। यही कारण है कि फिल्म के दोनों लीड एक्टर्स अहान पांडे और अनीत पड्डा युवाओं के बीच नई सेंसेशन बन गए। फिल्म के प्रमोशन के दौरान निर्देशक मोहित सूरी ने अहान को टिकटॉकर बताया था। अब अहान ने फिल्म के रिलीज से पहले अपनी इंस्टाग्राम वाली पर्सनैलिटी को लेकर बात की। बातचीत के दौरान अहान ने कहा कि जब मैं इंस्टाग्राम पर सक्रिय था, तो उस पर मेरा व्यक्तित्व वैसा नहीं था जैसा मैं असल में था। यह वैसा था जैसा मुझे लगता था कि फिल्म बिरादरी का ध्यान आकर्षित करने के लिए मुझे बनना होगा, ताकि मुझे काम मिल सके। यह एक ऐसा व्यक्तित्व है जिसे मैंने अपनाया। ‘सैयारा’ के अपने किरदार कृष के बारे में बात करते हुए अहान पांडे ने आगे कहा, यह ऐसा किरदार नहीं है जिसके बारे में मैंने सोचा था कि मैं करूंगा। मैं जो ऑडिशन देता था वह ज्यादा सॉफ्ट, मजेदार, एनर्जी और पॉजिटिविटी से भरपूर पड़ोस के लड़के जैसा होता था। आप कृष को पड़ोस में नहीं चाहते।



## फिल्म हाटक में नए अवतार में फिल्मी पर्दे पर दिखने वाली हैं अदा शर्मा

**बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा अब नए अवतार में फिल्मी पर्दे पर दिखने वाली हैं। द केरल स्टोरी फिल्म से चर्चाओं में आईं अभिनेत्री अदा शर्मा अब एक्शन करते हुए अपनी नई फिल्म हाटक में नजर आएंगी। अदा की इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है जिसमें वो हाथ में बंदूक पकड़े खतरनाक अंदाज में नजर आ रही हैं।**

अदा शर्मा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा- हाटक- एक डकैती, बिना रहम के। शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। आप सबका आशीर्वाद चाहिए। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी है इस फिल्म का अजय के शर्मा निर्देशन करेंगे।

### शिवरंजनी आचार्य के रोल में अदा शर्मा

फिल्म के मोशन पोस्टर के साथ ही अदा का पहला लुक सामने आया है। अदा इसमें ‘शिवरंजनी आचार्य’ नाम के किरदार में दिखाई देंगी। उनके हाथ में बंदूक और चेहरे पर खतरनाक तेवर देखकर साफ है कि ये किरदार उनकी अब तक की भूमिकाओं से बिल्कुल अलग है। इस बार अदा सिर्फ खूबसूरती या मासूमियत नहीं, बल्कि एक सशक्त और निडर महिला का किरदार निभा रही हैं। बता दें फिल्म की शूटिंग जल्द ही राजस्थान और उत्तर भारत की खूबसूरत और ऐतिहासिक लोकेशंस पर शुरू होने वाली है। इन जगहों पर फिल्म का माहौल और भी ज्यादा दमदार दिखाई देगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म के जरिए दर्शकों को एक अलग तरह की डकैती ड्रामा कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें रहस्य, एक्शन और इमोशन का सही संतुलन होगा।

## मनोज बाजपेयी ने ओटीटी को इन लोगों के लिए बताया आशीर्वाद

मनोज बाजपेयी बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार होते हैं जो बहुत प्रतिभावान हैं। वह अपनी अलग अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है कि ओटीटी उनके जैसे कलाकारों के लिए आशीर्वाद है। उनके मुताबिक कई बार ओटीटी की कहानी बड़े पर्दे से ज्यादा मजबूत होती है।

### मनोज बाजपेयी ने बड़े पर्दे और ओटीटी पर बनाई पहचान


मनोज बाजपेयी बड़े पर्दे के जाने माने एक्टर हैं। उन्होंने दस्तक, द्रोह काल और कई दूसरी फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत की। हाल के वर्षों में वह ओटीटी के मशहूर कलाकार बनकर उभरे हैं। उन्होंने ओटीटी शो द फैमिली मैन और सिर्फ एक बंदा काफी है जैसी सीरीज में अच्छी अदाकारी की है। पहले बड़े पर्दे पर फिर ओटीटी पर अपनी पहचान बना चुके अभिनेता ने दोनों के बीच अंतर बताया है। ओटीटी ने कई कलाकारों को मौका दिया मनोज बाजपेयी का कहना है कि ओटीटी की तुलना में भारत में थिएटरों की फिल्में प्रतिभा पर आधारित नहीं होती। यह फिल्में अगर बॉक्स ऑफिस पर चलती हैं तो इन्हें अच्छा माना जाता है। उन्होंने एएनआई से कहा कि ओटीटी बॉक्स ऑफिस के प्रदर्शन के बजाए अच्छी कहानी और प्रतिभा पर निर्भर है।

### प्रतिभावान लोगों के लिए आशीर्वाद है ओटीटी

मनोज बाजपेयी ने आगे कहा मुझे लगता है कि ओटीटी प्रतिभावान लोगों के लिए आशीर्वाद है। भारत में फिल्में प्रतिभा पर निर्भर नहीं करतीं। मुझे इसे दुख के साथ कहना पड़ रहा है। भारत में कई मुख्यधारा की फिल्में प्रतिभा पर आधारित नहीं होतीं। वह बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों पर निर्भर होती हैं। हालांकि ओटीटी पर मामला इसके विपरीत है। यहां आपको अच्छी कहानी और अच्छी प्रतिभा चाहिए। इसके बाद ही कुछ हो सकता है। पिछले सात वर्षों में मैंने यह देखा है।

### मनोज बाजपेयी का काम

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इंस्पेक्टर जेंदे को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 5 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी पुलिस के किरदार में होंगे। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। इंस्पेक्टर जेंदे का निर्देशन चिन्मय डी. मंडलेकर कर रहे हैं।





## ओटीटी से टीवी एक्टर वाला तमगा हटा

**छोटे पर्दे पर तकरीबन बीस सालों का अभिनय सफर तय कर चुके शरद मल्होत्रा कहते हैं, मुझे टीवी पर बहुत प्यार मिला और बीते वक्त में ओटीटी के आने से टीवी एक्टर वाला तमगा भी हटा है, मगर इसका पहला श्रेय सुशांत सिंह राजपूत को जाना चाहिए। टीवी के इस अदाकार ने दूसरे टेलिविजन आर्टिस्ट के लिए फिल्मों के दरवाजे खोले। आज तो सभी आर्टिस्ट हर माध्यम में काम कर रहे हैं। मुझे लगता है, ये कलाकारों के लिए खूबसूरत दौर है।**

### इंटिमेट सीन्स में काफी नर्वस था

अपनी वर्टिकल सीरीज में इंटिमेसी सीन्स को लेकर शरद बताते हैं, फिजिकल इंटिमेसी वाले दृश्यों के लिए पर इंटिमेसी डायरेक्टर भी थे।इस तरह के सीन्स में एक्टर की जिम्मेदारी ज़्यादा होती है कि वो अपनी एक्ट्रेस को कंफर्टेबल करे। मैंने सीन्स की शूटिंग के पहले अपनी अभिनेत्री को पूछा कि वे कितनी कंफर्टेबल हैं? बीस साल के करियर में मैं पहली बार किस कर रहा था। मैं बहुत नर्वस था, मुश्किल भी था, मगर इंटिमेसी डायरेक्टर ने कहा, जहां आपको ऑकवर्ड लगेगा, आप बैकऑउट कर जाना। मगर फिर ये काफी शालीनता से एक-दो टेक में ओके हो गया। उनके पहले ऑनस्क्रीन सीन पर उनकी पत्नी रिप्सी का क्या टेक था? इस पर वे कहते हैं, रिप्सी से जब भी बात होती थी, वो हमेशा कहती, जब भी स्क्रीन पर कुछ करो, मुझे पहले बता देना। ताकि मैं मानसिक रूप से तैयार रहूं। रिप्सी ने देखा और उसे अच्छा लगा। उसने कहा, तुम बहुत विलेन लग रहे हो। तुम ऐसे भी हो क्या? उसने भी एक एक्टर के रूप में मेरा ऐसा रूप नहीं देखा था।

टीवी का जाना-माना नाम रहे शरद मल्होत्रा ने सिडनी विथ लव जैसी फिल्म के जरिए बॉलिवुड में अपना भाग्य भी आजमाया। वे कहते हैं, जिस वक्त मैंने अपनी पहली फिल्म की, तो मुझे लगा कि इस फिल्म के बाद तो मैं रातों-रात शाहरुख खान बन जाऊंगा। मगर जब फिल्म रिलीज हुई और नहीं चली, तो मैं डिप्रेशन में चला गया। मैं फिल्मों के ऑफर के वेट करता रहा, मगर वैसे मनचाहे प्रस्ताव नहीं मिले, तो मैंने दो -तीन साल का ब्रेक लिया। हालांकि जब उस ब्रेक में कुछ क्रैक नहीं हो रहा था, तब एक बार मुझे लगा कि मुझे बैग पैक करके अपने होम टाउन कोलकाता लौटना पड़ेगा। मेरी तमाम कोशिशें नाकाम हो रही थीं । उस निराशा के दौर में अपने मेंटल हेल्थ पर ध्यान रखा। मैंने इबादत भी खूब की। लेकिन बाद में समझ में आया कि उनको भी शाहरुख खान बनने में 25 साल लगे और मैंने सब्र से काम लिया।

### जो होता है अच्छे के लिए होता है

अपनी जिंदगी के उतार-चढ़ाव और गलत फैसलों पर वे कहते हैं, मुझे लगता है, गलत तो कुछ नहीं होता, हां हालत गलत हो जाते हैं। कई बार हम रिलेशनशिप में कुछ फैसले लेकर उन पर टिक जाते हैं और बाद में हमें लगता है कि हमें सोच-विचार कर फैसला लेना चाहिए था। लेकिन तब हम बहुत ही बेसब्र और अपरिपक्व होते हैं। आज पलट कर देखने पर लगता है कि वो नहीं होना चाहिए था, मगर किस्मत में वही लिखा था। मैं अपने करियर की बात करूं, तो अगर मेरी फिल्म सिडनी विथ लव अगर हिट हो जाती तो मैं शायद टीवी में महाराणा प्रताप, नागिन और कसम जैसे सुपरहिट शो नहीं करता। अब लगता है कि जो होता है, अच्छे के लिए होता है।

### आज के वक्त की मांग है माइक्रो सीरीज

अपनी पहली माइक्रो सीरीज गलत के बारे में वे कहते हैं, विक्रम भट्ट के साथ काम करना बहुत ही सौभाग्य की बात थी। उन्होंने इसे लिखा है। इसमें मेरे किरदार के अनुसार मैंने जॉर्ज क्लूनी और रिचर्ड गेयर का सॉल्ट एंड पेपर लुक है। इस लुक के लिए मैंने जो ट्रांसफॉर्मेशन किया, काफी मेहनत हुई। ये 45 साल का एक मिडल एज शख्स है, जिसे एक 20-22 साल की लड़की से इश्क हो जाता है। मुझे लगता है कि आज के दौर में कोई भी इंसान ब्लैक या वाइट नहीं है, तो मेरा किरदार भी ग्रे है। चालीस-पचास मिनट के आठ -आठ एपिसोड के लॉन्ग फॉर्मेट की तुलना में दो-दो मिनट की माइक्रो सीरीज के बारे में वे कहते हैं, इस तरह की माइक्रो सीरीज ट्रैवलिंग करते हुए या कहीं आपको शॉर्ट टाइम पास चाहिए, उसके लिए हैं। ये से रील्स की तरह हैं। इसमें दो-ढाई मिनट्स के एपिसोड्स होते हैं। ये काफी रोचक है और वक्त की मांग है, मगर फिल्मों और टीवी से इसकी तुलना करना बेमानी है, क्योंकि यह एक नया और अलग ट्रेंड है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in